


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com | नई दिल्ली, गुरुवार 07 नवंबर 2024 | ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष : 06 ■ वर्ष : 28, अंक : 208 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 | मौसम अधि. 29 न्यून. 15

*'एक्स' पर बोले पीएम, चुनाव जीतने पर दिल से हार्दिक बधाई, वैश्विक शांति-स्थिरता के लिए साथ मिलकर काम करने की जताई प्रतिबद्धता*




## फिर एक बार... ट्रंप सरकार : दो महिलाओं पहले हिलेरी क्लिंटन और अब कमला हैरिस को हराकर रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप बने राष्ट्रपति

# अमेरिका में 'फिर' ट्रंप

*अमेरिका के इतिहास की यह 'सबसे बड़ी जीत'...ट्रंप के पास सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव का भी नियंत्रण*

# जबरदस्त 'जंप'

**वोट मिले**

| ट्रंप | कमला |
|---|---|
| 277 | 224 |

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिका में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप ने इतिहास में 'सबसे बड़ी जीत' का इतिहास रच दिया। मतगणना के बाद रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप को विजेता घोषित किया गया है। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार शाम 4 बजे तक घोषित परिणाम के अनुसार ट्रंप को 277 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को 224 वोट मिले हैं। कुल 538 वोटों में जीत के लिए कम से कम 270 वोटों की जरूरत थी।

ट्रंप ने रॉबर्ट एफ. कैनेडी का भी शुक्रिया किया और कहा कि वह मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (अमेरिका को फिर स्वस्थ बनाने) का जिम्मा संभालेंगे


ट्रंप के भारत दौरे के समय की तस्वीर

### ट्रंप ने जीत के बाद तीन महत्वपूर्ण बातें कहीं

1 मैं यहां के परिवारों और अमेरिका के भविष्य के लिए अंतिम सांस तक लड़ूंगा

2 यह चार साल अमेरिका के इतिहास के स्वर्णिम काल होंगे

3 मैं दुनिया में चल रहे युद्धों को रोकूंगा

### भगवान ने किसी वजह से मुझे बचाया

ट्रंप ने पेंसिलवेनिया में अपने ऊपर हुई गोलीबारी का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान ने मेरी जिंदगी किसी वजह से बचाई। और यह वजह है कि अपने देश को बचाना और अमेरिका को फिर से महान बनाना।

## ट्रंप ने स्विंग स्टेट्स को डेमोक्रेट पार्टी की पकड़ से दूर रखा

ट्रंप ने विंस्कोंसिन और मिशिगन में बढ़त बनाई, वहीं कमला हैरिस ने मिनेसोटा में जीत दर्ज की। डोनाल्ड ट्रंप ने स्विंग स्टेट्स को डेमोक्रेट पार्टी की पकड़ से दूर रखा। उन्होंने नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया के बाद पेंसिलवेनिया में भी जबरदस्त जीत हासिल की। राष्ट्रपति चुनाव के बीच रिपब्लिकन पार्टी के लिए एक खुशखबरी संसद से आई। संसद के उच्च सदन- सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत हो गया है। पार्टी ने चार साल बाद सीनेट में अपनी संख्या बहुमत के पार कर ली है। इसी के साथ अब सदन में रिपब्लिकन पार्टी के 51 और डेमोक्रेट पार्टी के 49 सांसद हो गए हैं। इस पर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने हमें काफी शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमने फिर से सीनेट ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये भी की घोषणाएं

- ▶▶ अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए काम करेंगे।
- ▶▶ आपको बेहतर नौकरियां मिलेंगी। अवैध आव्रजन बंद होगा।
- ▶▶ हम टैक्स घटाएंगे, क्योंकि हमारे पास जो है, वह चीन के पास भी नहीं ।

### एस जयशंकर ने कहा

## भारत की विदेश नीति के लिए वैश्विक कार्यस्थल की तैयारी करना हमारी प्राथमिकता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की विदेश नीति के लिए, वैश्विक कार्यस्थल की तैयारी करना हमारी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में से एक होगी और यह आसान नहीं है। दुनिया की वास्तविकता यह है कि मानव संसाधन बहुत असमान हैं। हमें संसाधनों को साझा पूल के रूप में देखना होगा और हम इन संसाधनों को कैसे बेहतर तरीके से तैयार कर सकते हैं ताकि वे दुनिया के लिए उपलब्ध हों। यदि आप प्रौद्योगिकी संचालित दुनिया चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आपके पास शिक्षा-संचालित विश्व हो और यदि आप शिक्षा-संचालित दुनिया बनाने जा रहे हैं, तो यह राष्ट्रीय स्तर पर नहीं किया जा सकता है।



### ट्रंप ने समर्थकों को किया संबोधित

## हम अमेरिका को फिर से 'महान' बनाएंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जबरदस्त बढ़त बनाने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने समर्थकों को संबोधित किया। ट्रंप ने इस दौरान कहा कि उन्होंने ऐसा जोश और जश्न कभी नहीं देखा। ट्रंप ने कहा कि यह पल शानदार है। उन्होने कहा कि मेरी जीत हर अमेरिकी की जीत है। हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। सभी स्विंग स्टेट भी हमारे साथ रहे। अब मेरा हर पल अमेरिका के लिए रहेगा। हम मिलकर अमेरिका के भविष्य के लिए काम करेंगे। ये जीत ऐतिहासिक और अविश्वसनीय रही। अमेरिका ने मुझे अभूतपूर्व जनादेश दिया।




### सबसे पहले ये कदम उठा सकते हैं ट्रंप?

1. यूक्रेन युद्ध बंद करवा सकते हैं। यूक्रेन को सारी मदद व हथियारों की सप्लाई रोक सकते हैं
2. दुनिया भर में सरकारें पलटवाने की नीति को बदल सकते हैं
3. भारत के लिए नौकरियों और नए अवसरों की राह खोल सकते हैं
4. इस्लामिक और खालिस्तानी आतंकवाद पर कड़ा प्रहार कर सकते हैं
5. गाजा को लेकर डेमोक्रेट के दृष्टिकोण को बदल सकते हैं
6. चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगा सकते हैं



### कमला हैरिस के हारने की ये वजहें

- कश्मीर पर दिए गए विवादास्पद बयान से अमेरिका के भारतवंशियों की भावनाएं आहत
- गर्भपात का अधिकार दिए जाने की पैरवी की
- ट्रंप ने मुसलमानों के खिलाफ और बांग्लादेश-पाकिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदुओं के समर्थन में दिया बयान
- बाइडेन सरकार की आर्थिक मोर्चे पर बड़ी नाकामी
- दुनिया के कई देशों को अस्थिर करना, कई देशों में युद्ध को भड़काना

## ट्रंप को पीएम मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं ने दी बधाई, पुतिन ने साधी चुप्पी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे प्राचीन और बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले अमेरिका का दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर डोनाल्ड ट्रंप को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ दुनिया के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी। राष्ट्रपति का चुनाव जीते डोनाल्ड ट्रंप को अपना मित्र बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हे फोन पर जीत की बधाई दी। बातचीत में प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक बार फिर मिलकर काम करने की उम्मीद जताई। बुधवार को चुनाव परिणाम को लेकर तस्वीर साफ होने के साथ ही सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बधाई संदेशों की बाढ़ सी आ गई। इस सूची में शामिल वैश्विक नेताओं में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की, इजरायल के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**■ पीएम मोदी ने ट्रंप से की फोन पर बात**

### वैश्विक शांति के लिए साथ काम करेंगेः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर दिल से हार्दिक बधाई देता हूं। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं। मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

### रूस के खिलाफ की थी बयानबाजी

रूसी राष्ट्रपति के ट्रंप को बधाई न देने को लेकर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, हम ठोस कदमों और शब्दों के आधार पर निष्कर्ष निकालेंगे। यूक्रेन में युद्ध की वजह से अमेरिका और रूस के संबंधों में तनाव है। डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स फिर से 80 हजार के पार

**नई दिल्ली।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में ट्रंप को देखते हुए शेयर बाजार खुश हो गया।



दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स में 600 अंकों तक की बढ़त आ गई तो वहीं एशियाई बाजार भी झूम उठे। दोपहर दो बजे तक सेंसेक्स में 900 अंकों से ज्यादा की तेजी आ गई थी। दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स 700 से ज्यादा अंक उछलकर फिर से 80 हजार के पार आ गया।

### दुनिया की पहली विश्व सुंदरी किकी का निधन

**नई दिल्ली।** दुनिया की पहली विश्व सुंदरी बनीं स्वीडन की मॉडल किकी हाकनसन का निधन हो गया है और 95 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। किकी की मौत की खबर सामने आते ही एंटरटेनमेंट की दुनिया में मातम पसर गया है और फैंस को दिल भी टूट गया है।



### उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को मिलेगी राहत

## मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी वित्तीय सहायता कैबिनेट ने दी पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी प्रदान की गई। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय मदद प्रदान करना है। केंद्रीय शिक्षा



मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस योजना का विचार वर्ष 2020 में सामने आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से लिया गया है। जिसमें सार्वजनिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न उपायों के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की सिफारिश की गई थी। योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने वाला कोई भी विद्यार्थी ट्यूशन फीस की पूरी राशि और पाठ्यक्रम से संबंधित खर्चों को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से गिरवी मुक्त और गारंटर मुक्त ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इस बार सैलजा ने नहीं, वेणुगोपाल ने दी जानकारी

## हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में होगा आमूलचूल परिवर्तन, खरगे ने भंग की कार्यकारिणी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तो क्या एआईसीसी की संगठन महासचिव बन सकती हैं कुमारी सैलजा? ये खबर उस समय तेजी से तैरी जब कुमारी सैलजा की तरफ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की गई। आमतौर पर ऐसी फेहरिस्त संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल जारी करते रहे हैं। बताया ये गया कि वेणुगोपाल चूंकि वायनाड उपचुनाव में व्यस्त हैं इसीलिए कुमारी सैलजा की तरफ स्टार प्रचारकों की



लिस्ट जारी की गई। ये बात है गत 29 अक्टूबर की। उसके बाद आज, बुधवार लगभग हफ्ते भर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन को पूरी तरह से भंग करने की घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तरफ से होनी थी, उस वक्त भी वेणुगोपाल दिल्ली में नहीं थे, लेकिन इस बार कुमारी सैलजा से सूचना जारी कराने की बजाय वेणुगोपाल ने खुद एक्स का सहारा लिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर ये सूचना सार्वजनिक किया कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की ब्लॉक से लेकर प्रदेश तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 150 नौसैन्य कर्मी देंगे गार्ड ऑफ ऑनर

## स्वदेशी जंगी युद्धपोत 'विक्रांत' से आज समुद्री अभियानों का जायजा लेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार, 7 नवंबर को गोवा में देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत से नौसेना के बहुआयामी समुद्री अभियानों का व्यापक रूप से जायजा लेंगी। यह उनकी विक्रांत से जुड़ी पहली यात्रा होगी। जिसमें नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी गोवा में आईएनएस हंसा नौसैन्य अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत



करेंगे। इसके बाद उन्हें 150 नौसैन्य कर्मियों के दस्ते के द्वारा परंपरागत गार्ड ऑफ आर्नर का सम्मान दिया जाएगा। नौसेना ने बुधवार को एक बयान में बताया कि गार्ड ऑफ आर्नर के बाद राष्ट्रपति गोवा के समुद्र में देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से तैनात आईएनएस विक्रांत पर जाएंगी और विमानवाहक युद्धपोत द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के समुद्री अभियानों को गहनता के साथ जांचेंगी। नौसेना ने इस पूरी गतिविधि को 'समुद्री दिन' यानी 'डे<\@>सी' का नाम दिया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### समुद्री अभियानों का अहम भाग

नौसेना के मुताबिक, राष्ट्रपति के समक्ष प्रदर्शित किए जाने वाले नौसेना के समुद्री अभियान में सतह से जुड़ा समुद्री अभियान, युद्ध अभियान, पनडुब्बी अभ्यास, हवाई ताकत से जुड़ी झलक जिसमें लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों द्वारा विक्रांत के डेक से उड़ान भरने और उतरने का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा नौसेना के विमानों द्वारा फ्लाईपास्ट भी किया जाएगा।





नई दिल्ली। कालिंदी कुंज में यमुना नदी के तट पर अनुष्ठान करती महिला। फोटो : एजेंसी



नई दिल्ली। छठ पर्व के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग को घोलने के लिए रसायनों का छिड़काव करते कर्मचारी। फोटो : एजेंसी

### छठ व्रतियों के लिए नहाने के बाद कपड़े बदलने के लिए की गई तंबूओं की व्यवस्था

# छठ पूजा के लिए आईटीओ घाट पूरी तरह तैयार, आज व्रती देंगी ढलते सूर्य को अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सबसे पुराने और सबसे बड़े आईटीओ स्थित हाथी घाट छठ पूजा के लिए तैयार है। यहां श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा पंडाल बनाया गया है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक मंच भी बनाया गया है। वहीं व्रतियों के लिए कपड़े बदलने के लिए विशेष तंबुओं की व्यवस्था भी की गई है। वहीं लाइट और साफ सफाई भी पूरी व्यवस्था है।

छठ पूजा समिति दिल्ली के प्रदेश महासचिव आरके सिंह ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर कहा कि आईटीओ के इस हाथी घाट पर 100 फीट लंबा और 100 फीट चौड़ा पंडाल दिल्ली सरकार की ओर से लगाया गया है। साथ ही



छठ घाट पर ही यमुना के किनारे बिजली की व्यवस्था और अर्घ्य देने वाले व्रतियों के लिए 40 फीट चौड़ा और 200 फीट लंबा पंडाल अलग बनाया गया है। घाट पर छठ व्रतियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है, नहाने के बाद कपड़े बदलने के लिए तंबू लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। आरके सिंह ने बताया कि सन 1982 से आईटीओ घाट पर छठ पूजा हो रही है। दिल्ली में छठ पूजा की शुरुआत यहीं से हुई थी और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के समय में यहां पर छठ घाट का विधिवत निर्माण कराया गया। यहां पर एक तालाब का भी निर्माण कराया गया। गौरतलब है आज शाम छठ व्रतियां डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके बाद शुक्रवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

#### रात भर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

आरके सिंह ने बताया कि घाट पर बने बड़े मंच पर रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां सिर्फ छठ पूजा से संबंधित कार्यक्रमों का ही आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा यहां रात भर चलने वाले भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था छठ पूजा समिति के द्वारा की गई है।

#### सबसे ज्यादा इस घाट पर उमड़ते हैं श्रद्धालु

छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा भीड़ आईटीओ छठ घाट पर ही उमड़ती है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने आते हैं। यहां आपको कई ऐसे भक्त भी नजर आएंगे जो अपने घर से जमीन पर लेटकर घाट तक पहुंचते हैं। ऐसे भक्तों के लिए सुरक्षा के विशेष इतंजाम किए गए हैं। इनके लिए ट्रैफिक को विशेष रूप से व्यवस्थित किया जाता है।

#### छठ पूजा पर आज रहेगा अवकाश, आदेश जारी

दिल्ली सरकार ने छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश का आदेश जारी कर दिया है। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (समन्वय शाखा) द्वारा बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली के छठ पूजा के लिए गुरुवार यानी सात नवंबर को दिल्ली सरकार के तहत सभी सरकारी कार्यालय इस दिन बंद रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव प्रदीप तायल ने जारी आदेश में कहा है कि यह आदेश दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेशानुसार जारी किया गया है।

इस आदेश के बाद दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने भी एक आदेश जारी कर स्कूलों को लेकर छठ पूजा के चलते सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। इस आदेश के तहत राजधानी के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त व निजी स्कूल गुरुवार को बंद रहेंगे।



नई दिल्ली। आईटीओं घाट पर श्रद्धालुओं को मच्छरों से बचाने के लिए फॉगिंग करता कर्मचारी। फोटो : एजेंसी

## यमुना के तटों पर छठ पूजा की अनुमति देने से दिल्ली उच्च न्यायालय का इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने श्रद्धालुओं को यहां यमुना नदी के तटों पर छठ पूजा की अनुमति देने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि नदी का जल बहुत प्रदूषित है, जिसकी वजह से लोग बीमार हो सकते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं के लिए शहर में 1,000 अलग-अलग स्थानों पर पर्याप्त प्रबंध किए हैं और आखिरी क्षणों में और कुछ नहीं किया जा सकता। छठ पर्व की शुरुआत से एक दिन पहले अदालत ने यह फैसला सुनया है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गडेला की पीठ ने कहा कि कृपया समझने की कोशिश कीजिए, आप बीमार पड़ जाएंगे। हम आपको (श्रद्धालुओं) पानी में जाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह बेहद प्रदूषित है। यह बहुत बड़ा काम है, इसे अभी नहीं किया जा सकता। हम एक दिन में यमुना को साफ नहीं कर सकते। अदालत पूर्वांचल नव निर्माण संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यमुना नदी के किनारे छठ पूजा समारोह पर दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

## जगह-जगह बिखरे पड़े कूड़े के ढेर से श्रद्धालु परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा एक हजार छठ घाटों का निर्माण करने व चाक चौबंद साफ सफाई के दावों पर पूर्व कांग्रेसी विधायक जयकिशन ने सवाल खड़े किए है। जयकिशन ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री आतिशी चाहे लाख दावे करे, लेकिन सरकारी घाटों की व्यवस्था की कलई सुल्तानपुरी सहित पूरी दिल्ली में खुल चुकी है। दिल्ली सरकार में मंत्री मुकेश अहलावत के अपने क्षेत्र सुल्तानपुरी में जगह जगह सड़कों पर कूड़े के अंबार लगे है। सरकारी छठ घाटों के नाम पर कुछ नहीं है। श्रद्धालु खुद अपने खर्च से छठ घाटों का निर्माण करवा रहे है। जयकियान ने कहा कि सुल्तानपुरी के लोगों ने उनसे मिलकर शिकायत की कि दिवाली से लेकर छठ पूजा आ गई लेकिन कहीं सफाई नहीं हो रही। जगह जगह कूड़े के ढेर लगे पड़े है। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद मैंने खुद बुधवार को क्षेत्र का दौरा किया जिसमें पाया कि सुल्तानपुरी के हर मोहल्ले में स्थानीय लोग अपने खर्च पर घाटों का निर्माण कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का कोई भी बंदोबस्त नहीं है। क्षेत्र के अमन विहार, किरारी, मंगोलपुरी सहित सेक्टर-5-6, एचआईजी, डी -2, पी -2, एच -3 आदि में गंदगी और कूड़े के देर के बीच छठ पर्व मनाने को लोग मजबूर हो गए है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की मुखिया आतिशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित सभी मंत्री झूठ बोल रहे हैं कि दिल्ली सरकार ने कई हजार घाटों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली सरकार ने घाटों का निर्माण किया होता तो ताल तलैया और गड्ढे में पार्कों में इस तरह से छठ घाट का निर्माण स्थानीय अपने हाथ से नहीं करते। अधिकांश घाटों पर पानी तक का बंदोबस्त नहीं है, सफाई व्यवस्था खत्म है। प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह का इंतजाम होता नजर नहीं आया।



### लक्ष्मी नगर विधानसभा में 50 लाख की लागत से होगा स्थाई छठ घाट का निर्माण : भाजपा

नई दिल्ली। छठ महापर्व के शुभ अवसर पर गणेश नगर कॉम्प्लेक्स के धोबी घाट के बगल में स्थाई छठ घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा ने किया। इस अवसर पर विधायक अभय वर्मा ने बताया कि स्थाई छठ घाट के निर्माण कार्य बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 50 लाख 33 हजार रुपए के लागत से किया जाएगा। इस स्थान पर पूरे वर्ष जंगल और झाड़ी होते थे जिसका लाभ उठा कर असामाजिक तत्व अवैध कार्य करते थे, साल में एक बार छठ पूजा के अवसर पर अभ्युदय एकता मंच साफ सफाई करके छठ महापर्व मनाते रहे है। अब स्थाई छठ घाट बन जाने से पूर्वांचल समाज को महापर्व मनाने में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर अभ्युदय एकता मंच के संरक्षक सुनील सिंह और अध्यक्ष हंसराज भारद्वाज अपने सभी पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे और लक्ष्मी नगर विधानसभा के सभी छठ घाटों से संबंधित संस्था के प्रमुख कमलेश झा, योगेश गोला, आदि उपस्थित रहे, जिन्हें विधायक अभय वर्मा ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। अभ्युदय एकता मंच के अध्यक्ष हंसराज भारद्वाज ने कहा कि हम सभी पूर्वांचल वासियों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, पक्के घाट का निर्माण करवाने के लिए विधायक अभय वर्मा को हृदय से धन्यवाद किया।

### महापौर ने शाहदरा उत्तरी जोन का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में साफ -सफाई के लिए स्थायी समाधान की आवश्यकता है और निगम की आम आदमी पार्टी सफाई व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध है और इस सम्बन्ध में कोताही अस्वीकार्य है। दिल्ली नगर निगम की डॉ. शैली ओबरॉय ने सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शाहदरा उत्तरी जोन के दौरे के निरीक्षण के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने शाहदरा उत्तरी के निरीक्षण में सड़क संख्या -65, जनता कॉलोनी, गोरखपार्क का दौरा किया। स्थानीय पार्षद ने महापौर को ढलावघर की समस्या से अवगत कराया। उनकी शिकायत थी कि ढलावघर से नियमित रूप कूड़ा उठाया नहीं जाता है और जिसके कारण सड़क तक कूड़ा बिखरा रहता है और लोगों को काफी परेशानी से जूझना पड़ता है। निरीक्षण दौरे के दौरान महापौर के साथ वार्ड संख्या 235 की पार्षद, प्रियंका सक्सेना और शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त विनोद अतरी सहित सम्बन्धित जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि पिछले कई दिनों ने महापौर लगातार दिल्ली की सफाई व्यवस्था की निगरानी और बेहतर करने के उदेश्य से विभिन्न जोन के निरीक्षण कर रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने शाहदरा उत्तरी जोन का निरीक्षण किया। महापौर यमुना विहार, सी ब्लॉक के सामुदायिक भवन पहुंची जिसके बाहर कूड़ा फैला था। शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त विनोद अतरी ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है।

### अमित शाह 15 को करेंगे 3000 किलो भारी, 20 फीट ऊंची बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**नई दिल्ली।** जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली रिंग रोड स्थित बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की 20 फुट उंची, 3 हजार किलो वजनी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उपराज्यपाल की पहल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पहले बांसेरा (बंबू) पार्क के प्रवेश द्वार पर महान आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा स्थापित करेगा। इस बारे में राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार महान आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर, उनकी 20 फीट ऊंची और 3000 किग्रा. वजनी प्रतिमा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की शोभा बढ़ाएगी। इस दिन को पूरे देश में जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को धूमधाम से मनाने के आह्वान के बाद, दिल्ली के उपराज्यपाल ने उनकी यह विशाल प्रतिमा लगवाने का निर्णय किया था। इस प्रतिमा के लिए चयनित स्थान काफी महत्वपूर्ण है। यहां आरआरटीएस रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी निजामुद्दीन रेलवे और मेट्रो स्टेशन, एनएच -24, बारापुला फ्लाईओवर और डीएनडी फ्लाईवे आपस में मिलते हैं जो एक मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब का रूप बनता है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि हर रोज यहां से आने-जाने वाले लाखों लोगों को इस विशाल प्रतिमा को आसानी से देखने का अवसर मिलेगा। राज निवास के अनुसार दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थापना से यहां के लोगों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अग्रणी भूमिका, आदिवासियों के अधिकारों को कायम रखने और वन संरक्षण को लेकर किए गए उनके महान कार्यों को जानने का अवसर मिलेगा। इस प्रतिमा को पश्चिम बंगाल के दो अनुभवी शिल्पकारों द्वारा तैयार किया गया है, जो ललित कला में प्रशिक्षित हैं।

### अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज डीटीसी कर्मचारी 13 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के अनुबंधित कर्मचारी अपनी मांगों की अनदेखी के चलते अब सड़क पर उतरने जा रहे है। कर्मचारियों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने 13 नवंबर को विशाल धरना प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर वर्तमान सीएम व परिवहन मंत्री तक से अपनी समस्याओं की गुहार लगाकर थक चुके है। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है ऐसे में संगठन को अनुबंधित कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के हितों के लिए संगठन ने घोषणा की कि आने वाली 13 नवंबर 2024 को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले 16 अक्टूबर 2024 को संगठन ने प्रदर्शन करते हुए सरकार से लेकर अधिकारियों तक सभी को अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा था।

### पर्यावरण मंत्री ने की संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# दिल्ली को औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त कराने में जुटी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिल्ली को औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त कराने में जुटी है। यह बात बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर दिल्ली सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक के बाद कही। इस बैठक में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), पर्यावरण विभाग, डीएसआईआईडीसी और एमसीडी के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 58 टीमों का गठन किया गया है। औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के



लिए पूरी दिल्ली में 3 विभागों की 191 पेट्रोलिंग टीम तैनात की गयी है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितम्बर को सरकार द्वारा 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ अभियान के तहत पूरी दिल्ली में 3 विभागों की 191 पेट्रोलिंग टीम को औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग के उचित निपटान की निगरानी के लिए तैनात करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 58 टीमें औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के कार्य में तैनात की गई है। यह सभी टीमें दिल्ली में सभी औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी।

#### दिल्ली के 1901 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में किया गया परिवर्तित

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि साथ ही दिल्ली की 1901 पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है और उद्योगों को केवल अनुमोदित ईंधन पर संचालित करना अनिवार्य है। यदि कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करते पाई जायेगी, उस पर संबंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोपाल राय ने डीपीसीसी और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वो औद्योगिक क्षेत्रों से औद्योगिक कचरे का नियमित उठान और उचित वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करें साथ ही औद्योगिक इकाई केवल अनुमोदित ईंधन से संचालित हो।

खतरे में जान...




नई दिल्ली। बुधवार को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर जान का जोखिम उठाकर रेलवे ट्रैक पार करते लोग। फोटो : एजेंसी

### 'आप' के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 11 नवंबर से होंगे शुरू, केजरीवाल करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक आम आदमी पार्टी (आप) सभी 14 जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलनों को आयोजन करेगी। इन सम्मेलनों को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। इस बात की जानकारी बुधवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने दी। गोपाल राय ने बताया कि पूरी दिल्ली में चुनाव की जिम्मेदारी संभालने के लिए आम आदमी पार्टी के एक लाख पदाधिकारी बनाएगी। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को किराड़ी और तिलक नगर जिला, 12 नवंबर को राजेंद्र नगर और संगम विहार जिला, 15 नवंबर मॉडल टाउन और नजफगढ़ जिला, 16 नवंबर को त्रिलोकपुरी और बाबरपुर जिला, 18 नवंबर को वजीरपुर और नरेला, 19 नवंबर को कड़कड़डूमा और घोंडा, 20 नवंबर को महरौली और नई दिल्ली विधानसभा में सम्मेलन आयोजित होंगे।

### जुलाई 2023 से ठप पड़ा है चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में आईसीयू ब्लॉक का काम : गुप्ता

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बन रहे 600 सौ बिस्तरों वाले आईसीयू ब्लॉक का काम जुलाई 2023 से ठप पड़ा है। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को निरीक्षण के बाद दी। गौरतलब है कि नेता विपक्ष ने बुधवार को गीता कॉलोनी स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय का दौरा किया और यहां पर प्री-इंजीनियरिंग मॉडल पर बनने वाले 600 बिस्तरों के आईसीयू ब्लॉक के निर्माण का जायजा लिया। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के बाद गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 1125 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अस्पतालों में 6800 बिस्तरों की क्षमता वाले 7 आईसीयू ब्लॉक्स के निर्माण की योजना बनाई थी, जिसे सितंबर 2021 से शुरू करके अगले 6 महीने में पूरा किया जाना था। इन्हीं सात आईसीयू में से 600 बिस्तरों वाले एक आईसीयू ब्लॉक का निर्माण चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में किया जाना प्रस्तावित था।

## वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए नया नियम लेकर आई दिल्ली सरकार, आतिशी ने दी मंजूरी

# 'चिटफंड और हाई रिटर्न निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर कसी जाएगी नकेल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अब चिटफंड और हाई रिटर्न निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर दिल्ली सरकार नकेल कसेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने धोखाधड़ी वाली वित्तीय योजनाओं पर रोक लगाने के लिए नए नियम बनाए हैं। ये नियम लोगों को उन फर्जी योजनाओं से बचाने के लिए हैं, जो झूठे वादे और हाई रिटर्न निवेश के नाम पर लोगों के पैसे हड़प लेती हैं।

अब सरकार के पास ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने के अधिकार होंगे, जिसमें जांच और संपत्तियों की जब्ती भी शामिल है।मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि लंबे समय से लोग ऐसे झूठे वादों में फंसते रहे हैं जो उन्हें बड़ा मुनाफा देने का दावा करते हैं लेकिन अंत में उनका नुकसान होता है। इन नए नियमों के जरिए दिल्ली सरकार ऐसे धोखेबाजों पर कड़ी नजर रखेगी। बता दें कि नए नियमों में सरकार ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) के लिए एक सीमा तय की है ताकि उनके काम में कोई रुकावट न आए। अब किसी भी सदस्य द्वारा हर महीने 50 हजार रुपये तक का योगदान और साल में 5 लाख रुपये तक का योगदान नियमों से बाहर रहेगा। इस तरह छोटे और वास्तविक समूहों की गतिविधियां चलती रहेंगी और बड़े जमा पर सरकार निगरानी रखेगी। इस सीमा से उनके काम पर कोई असर नहीं पड़ेगा, और साथ ही ये भी ध्यान रखा जाएगा कि इनका गलत इस्तेमाल न हो। सीएम आतिशी ने कहा कि इन नियमों के साथ अब सरकार को धोखाधड़ी के मामलों में जांच और संपत्तियों की जब्ती के लिए विशेष एजेंसियों को नियुक्त करने का अधिकार भी मिलेगा। इससे सरकार धोखाधड़ी का जल्दी पता लगा सकेगी और पीड़ितों के पैसे वापस दिला सकेगी। पहले सरकार के पास ऐसे मामलों में संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार नहीं था, जिससे कार्रवाई करना मुश्किल होता था। इससे पीड़ितों को न्याय मिलेगा और धोखाधड़ी का जड़ से सफाया होगा।सीएम आतिशी ने कहा कि अब एजेंसियां सरकार के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने वालों को पहचानने, जांच और सजा दिलाने में मदद करेंगी।

### नए नियमों से छोटे समूह कर सकेंगे ईमानदारी से काम

सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार का ये कदम वित्तीय लेनदेन को साफ-सुथरा रखने और नागरिकों के विश्वास को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नए नियम धोखाधड़ी वाली योजनाओं को खत्म करने और सुरक्षित वित्तीय माहौल बनाने में मदद करेंगे, खासकर उन छोटे समूहों के लिए जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

### हाई-टेंशन लाइन शिफ्टिंग की नीतियां बनेंगी आसान : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली में अब बिजली की हाई टेंशन लाइन तेजी से शिफ्ट हो सकेंगी। इसके लिए सीएम आतिशी के निर्देश पर हाई-टेंशन लाइन शिफ्टिंग की नीतियों को आसान बनाया जाएगा। इस बाबत दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) नए दिशा निर्देश जारी करेगी। जिसका उद्देश्य लाइन शिफ्टिंग के लिए बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) को भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना है। बता दें कि, नीति के अंतर्गत, उन योजनाओं के लिए फंड आवंटन का प्रावधान है जिनमें 11 केवी, 33 केवी एवं 66 केवी हाई टेंशन (एचटी) तथा 400 वोल्ट लो टेंशन (एलटी) लाइनें शामिल हैं, जो लोगों की सुरक्षा के लिए शिफ्ट की जानी हैं। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों, किसान, सार्वजनिक भवनों एवं अनधिकृत कॉलोनियों के लिए सरकार द्वारा शिफ्टिंग की पूरी लागत का वहन किया जाता है। वर्तमान में बिजली कंपनियां 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के बाद ही हाई टेंशन लाइनें शिफ्ट करती थी। जिसमें काफी समय लगता था लेकिन अब 30 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के साथ हाई टेंशन लाइनें शिफ्ट हो सकेंगी। इस बाबत डीईआरसी द्वारा जल्द दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे।

## दिनदहाड़े किराने की दुकान पर फायरिंग से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पश्चिम विहार वेस्ट थाने के मीरा बाग की घटना

बाहरी जिले के पश्चिम विहार वेस्ट थाना अंतर्गत मीरा बाग इलाके में बुधवार दोपहर बदमाशों द्वारा एक किराने की दुकान को निशाना बनाते हुये कई राउंड फायरिंग की गई। घटना में कोई घायल तो नहीं हुआ लेकिन दुकानदार समेत आसपास के लोग दहशत में आ गये हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि वारदात को देने तीन लोग बाइक से पहुंचे थे। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में भी जुटी है। पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे पश्चिम विहार वेस्ट थाने में फायरिंग की घटना के संबंध एक कॉल प्राप्त हुई। कॉल मिलने पर स्थानीय पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। सीनियर अफसरों ने भी मौके पर पहुंच शिकायतकर्ता से विवरण लिया। पता चला कि जब शिकायतकर्ता अपनी किराने की दुकान पर था, तो बाइक पर तीन लड़के आए और दो लड़के जिनका चेहरा ठका हुआ था ने दुकान पर आकर हवा में कई राउंड फायरिंग की और वापस बाइक पर फरार हो गए। क्राइम टीम द्वारा भी मौके का निरीक्षण किया गया और दुकानदार के बयान के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी व्यक्तियों का पता लगा लिया जाएगा। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही मंगलवार को नांगलोई और अलीपुर में बदमाशों ने एक दुकान व प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस को निशाना बनाकर फायरिंग की गई थी। पिछले कुछ समय से दिल्ली में इस प्रकार की फायरिंग की घटनाएं आम हो चुकी है।

### छावला में भी मोटर वर्कशॉप पर फायरिंग

उधर द्वारका जिले के छावला इलाके में भी बुधवार शाम करीब सवा चार बजे फायरिंग के संबंध में एक पीसीआर कॉल पुलिस को प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचने पर पाया कि जोगिंदर सिंह (46) पुत्र स्वर्गीय पृथ्वी सिंह द्वारा दुर्गा पार्क, दीनपुर, नजफगढ़ में एक मोटर वर्कशॉप चलाई जा रही है। दोपहर को उनके पास तीन बाइक सवार लोग आए, जिनमें से एक सड़क पर ही बाइक पर बैठा रहा व बाकी दो वर्कशॉप में घुस गए। उस समय दुकान में दो डेंटर एक कार पर काम कर रहे थे। दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने अपने मुंह कपड़े से ढके हुये थे। उन्होंने खड़ी ऑल्टो कार पर फायरिंग शुरू कर दी। पांच राउंड फायरिंग करने के बाद बदमाश फरार हो गये। द्वारका जिले की कई टीमें केस में लगाई गई है।

## एसयूवी कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**नई दिल्ली।** रोहिणी के अमन विहार इलाके में मंगलवार रात एक एसयूवी कार चालक ने नियंत्रण खोते हुये दो मोटरसाइकिल, एक कार और एक ठेले को टक्कर मार दी। इस हादसे में 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान राजेंद्र यादव के रूप में हुई है। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ा। पुलिस ने क्रेटा कार चालक को हिरासत में लिया है। आरोपी चालक का नाम हृदय जुनेजा है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात अमन विहार इलाके में एक क्रेटा कार द्वारा कई वाहनों को टक्कर मारने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए थे। घायल अरुण कुमार (38), राहुल सिंह (29), सचिन (18), राजेंद्र यादव और एसयूवी चालक हृदय जुनेजा (23) को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान राजेंद्र यादव की मौत हो गई। पुलिस ने एसयूवी चालक हृदय जुनेजा को पकड़ लिया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि जुनेजा का वाहन पर से नियंत्रण कैसे हटा। मामले की जांच जारी है।

## भाई दूज पर साढ़ू की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने खजूरी खास इलाके में भाई दूज के दिन परिवार के सामने अपने साढ़ू की हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी का नाम अली हसन उर्फ अजय वर्मा है। इसने हेमंत को कई गोलियां मारी थी और फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार हत्या का कारण दोनों के बीच व्यापारिक विवाद था। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि तीन नवंबर को खजूरी खास इलाके में दिनदहाड़े एक व्यक्ति की हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। हेमंत कुमार को उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने गोली मार दी गई थी। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। हेमंत अपनी पत्नी के साथ भाई दूज मनाने के लिए सोनिया विहार गया था। साढ़ू अजय वर्मा ने कथित तौर पर हेमंत से उसके खिलाफ एक मामले को वापस लेने के लिए कहा, जिसे हेमंत ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। जब हेमंत ने इनकार किया तो वर्मा ने उसे कई गोलियां मार दी और मौके से भाग गया। हेमंत को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये।

# आईजीआई के पास एनएसजी कमांडो ने खुद को गोली मारी, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट के नजदीक एनएसजी के सुदर्शन कैंप में कमांडो ने खुद को सर्विस राइफल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम नरेंद्र कुमार भंडारी (31) बताया गया है। आईजीआई थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके से साक्ष्य एकत्रित किये गये हैं। मामले की छानबीन एनएसजी व आईजीआई थाना पुलिस दोनों ही अपने अपने स्तर पर कर रही है।

पुलिस के अनुसार शिव मूर्ति के नजदीक एनएसजी सुदर्शन कैंप में एक जवान द्वारा आत्महत्या करने की सूचना पीसीआर के माध्यम से मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने लहुलुहान हालत में जवान का शव बैरक के भीतर पड़ा हुआ पाया। उन्हें तुरंत सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पता चला कि नरेंद्र कुमार भंडारी पिछले 10 साल से भारतीय सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में थे और इन दिनों प्रतिनियुक्ति पर एनएसजी में तैनात थे। नरेंद्र ने आत्महत्या क्यों की, इसे लेकर पुलिस उनके साथ काम करने वाले कर्मियों व उनके परिजनों से बात कर रही है। मौके पर सुसाइड नोट मिला है या नहीं, इसे लेकर पुलिस अधिकारी अभी चुप है। मृतक मूलरूप से उत्तराखंड के नैनीताल जिले के बिंदुखत्ता क्षेत्र का रहने वाला था। कमांडो के पिता गोपाल सिंह भंडारी भी सेना में रह चुके हैं। उनका निधन दो साल पहले हो गया था। बताया जा रहा है कि नरेंद्र के बड़े भाई यशवंत गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। मझले भाई रेलवे में लोको पायलट हैं।

### 19 नवंबर को होनी थी शादी

परिवार के अनुसार हल्द्वानी के एक बैंक्वेट हॉल में नरेंद्र की शादी 19 नवंबर को होनी थी। लोहाघाट इलाके की रहने वाली लड़की से उनका रिश्ता तय हुआ था। शादी के कार्ड भी बंट चुके थे। लेकिन इससे पहले ही नरेंद्र ने अपनी जान दे दी।



# फरीदाबाद में 76 घाटों पर होगी छठ की पूजा, सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

7 व 8 नवम्बर को छठ पूजा का त्यौहार मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य पर काफी संख्या में लोगों एकत्रित होकर सूर्य की अराधना करते है। फरीदाबाद में भी मुख्यतः 76 घाटों पर भी छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। जिसके मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को छठ पूजा घाट पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 व 8 नवम्बर को छठ पूजा अवसर पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा पर्याप्त तैयारियां कर ली गई है। फरीदाबाद के 76 मुख्य घाटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी प्रबंधक अफसर व चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में घाटों पर लगातार गस्त करते रहेगें। पल्ला पुल, खेडी पुल, एत्मादपुर पुल, सेक्टर-8 बाईपास व गुरुग्राम कैनाल, मथुरा रोड बल्लबगढ़ पर एक-एक फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, नौका व गोताखोर उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त फरीदाबाद को पत्राचार किया गया है।

*मुख्य घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर लगाई गई पुलिस*

▶▶ *असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर*

▶▶ *छठ पूजा के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फरीदाबाद पुलिस अधिकारी जायजा लेते हुए।*



## नगर आयुक्त ने कहा इस बार भी हिंडन नदी छठ घाट पर होगी लेजर लाइट से जगमगाहट

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने छठ पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में अधिकारियों सहित हिंडन नदी मुख्य छठ घाट पर निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित निगम अधिकारी तथा अन्य को श्रद्धालुओं हेतु छठ घाट पर सभी इंतजाम पुख्ता करने की आदेश दिए गए। जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त ने वहां पर पूजा विधि बना रहे श्रद्धालुओं से भी बातचीत की। जिसमें चल रही तैयारी के बारे में चर्चा की गई साथ ही पूजा विधि पर बेटियों का नाम भी लिखने के लिए प्रेरित किया गया । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया, अन्य युवाओं में श्रद्धालुओं को भी महापर्व छठ पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया गया ।

### घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था की गई

नगर आयुक्त ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त छठ घाटों की मरम्मत का कार्य, छठ घाटों की रंगा पुताई का कार्य, छठ घाटों की सफाई व्यवस्था का कार्य अभियान के रूप में कराया गया है। यहां तक की घाट को जाने वाले मार्गों को भी सुदृढ़ किया गया है सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

### प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित

*जिलाधिकारी अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम करने के लिए कहा गया तथा क्षेत्र में भव्य रूप से महापर्व छठ स्वच्छता के साथ मनाने के लिए श्रद्धालुओं से अपील की गई है। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी अपील की गई है मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, सह प्रकाश प्रभारी आश कुमार, जलकल विभाग व अन्य संबंधित विभागों की टीम उपस्थित रही।*

## खबर संक्षेप

### जॉब के नाम पर युवक से 4.65 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में पार्ट टाईम जॉब के नाम पर युवक से 4 लाख 65 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में शिवाजी नगर के आयुष शर्मा ने कहा कि बीती 2 जुलाई को अनसूया नाम की लड़की ने उससे व्हाट्सएप पर संपर्क किया।




### पिटाई से महिला की मौत, पति के खिलाफ केस दर्ज

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में पिटाई से घायल हुई महिला संगीता (41) की मौत के मामले में पति राजीव कटेरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। महिला के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि संगीता की मौत के मामले में पिता मुलायम सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।



### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने वाहन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कर्ण सिंह गांव सेवली पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मोटरसाइकिल सहित प्रतापगढ़ सेक्टर-56 से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मोटरसाइकिल को बल्लबगढ़ पुरानी तहसील एरिया से बेचने के लिए चोरी किया था।



## टाइपिस्ट भी विरोध में हुए शामिल

# गाजियाबाद वकीलों की हड़तालः तीसरे दिन भी कचहरी में नहीं हुआ न्यायिक कार्य

*वकील किसी भी कोर्ट में पेश नहीं हुए। इससे आने वाले दिनों में जेल में बंदियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होगी। जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं होने से आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लाठीचार्ज के विरोध में लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी कचहरी में वकीलों ने न्यायिक कार्य नहीं किया। जिला जज अनिल कुमार की बर्खास्तगी की मांग करते हुए अधिवक्ता संगठन दिनभर धरना-प्रदर्शन करते रहे। टाइपिस्ट और फोटो स्टेट की दुकान चलाने वाले लोगों ने इस लड़ाई में वकीलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की घोषणा की है। वकीलों ने कचहरी के मुख्य मार्ग को बंद कर दिया, इस कारण से कचहरी की तरफ आने वाले वादकारियों को घूमकर आना पड़ा। कई लोग बंद गेट पार करते समय गिरकर घायल भी हो गए। बार एसोसिएशन ने कचहरी के मुख्य मार्ग पर धरना दिया। इससे आने वाले दिनों में जेल में बंदियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होगी। जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं होने से आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ सकता है। धरने पर बार अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष अधिवक्ता नाहर सिंह यादव, रामअवतार गुप्ता, नरेश चौधरी, अनीस चौधरी, राजेंद्र चौधरी, प्रमोद शर्मा, सतपाल यादव समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ता जिला जज अनिल कुमार की बर्खास्तगी और लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




**हड़ताल बुधवार को भी जारी रही**

### अन्य जिलों में आज से हड़ताल नहीं

बार के सचिव अमित नेहरा ने प्रस्ताव में कहा कि कचहरी में चल रही हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। हालांकि हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति ने प्रस्ताव पास कर कहा है कि अन्य जिलों में काम होगा। समिति के संयोजक अमित कुमार दीक्षित ने कहा कि बुधवार से सभी जिलों में विधिक कार्य किए जाएंगे।

### संसद में उठाउंगा लाठीचार्ज का मामलाः चंद्रशेखर

*वकीलों की हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि लाठीचार्ज का मुद्दा संसद में मजबूती से उठाएंगे। धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे चंद्रशेखर ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता ही अदालत में पिट रहे हैं। पुलिस ने जिस तरह वकीलों पर कुर्सियां मारी हैं और पिटाई की है , इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस माहौल में स्वस्थ की न्याय की परिकल्पना करना बेमानी होगी। जो दूसरों को न्याय दिलाता है, वह स्वयं न्याय की मांग करने के लिए सड़क पर बैठा है।*

**सीजेएम ऋतु यादव ने कहा आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन**

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों का आपसी सहमति से होगा समाधान

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋतु यादव के मार्गदर्शन में फरीदाबाद के न्यायिक परिसर में आगामी 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम ऋतु यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों के दोनों पक्षों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी प्रकार के लंबित मामलों का समाधान के लिए रखा जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने लंबित पड़े मामलों को आपसी सहमति से आसानी से निपटा सकते हैं। लोक अदालत में उन्हीं मामलों को रखा जाता है, जिनका दोनों पक्षों की सहमति से समाधान किया जा सके। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय लोक अदालतों में रखें जाने वाले केसों में दोनों पक्षों की जीत होती है और धन तथा समय की बचत होती है। वहीं सामाजिक सरोकारों में आपसी भेदभाव भुलाकर भाईचारे की भावना बढ़ती है। जिसका अन्य लोग भी अनुसरण करते हैं।



आय समाज के वार्षिकोत्सव आर्यवेश ने लोगों को संबोधित किया

## आर्यवेश ने कहा गलती का प्रायश्चित करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गलत मानसिकता के चलते जिन विचारों के आधार पर भारतवर्ष टूटने लगा भारतवर्ष को जाति-पाति, छूत-अछूत, ऊंच-नीच में बांटने का प्रयास किया गया तब महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की। यह बात सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान आर्य नेता स्वामी आर्यवेश ने आय समाज के वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन भीम बस्ती अंबेडकर पार्क में यज्ञ और यज्ञोपवित संस्कार के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। आर्य समाज के प्रधान डॉ. गजराज सिंह आर्य, भीम बस्ती के पुनीत गौतम, नेत्रपाल तथा त्रिवेदी ने स्वामी आर्यवेश का स्वागत किया। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि भारत में महिलाओं को यज्ञ न करने, यज्ञोपवित संस्कारों में भाग न लेने, गायत्री मंत्र का जाप न करने देने तथा महिलाओं की सती प्रथा को समाप्त करने के लिए आर्य समाज ने विशाल आंदोलन खड़ा किया और वह सफल भी रहे।

### 1829 में बंगाल सरकार ने सती प्रथा के विरूद्ध कानून बनाया

उन्होंने कहा कि राजा राम मोहन राय ने बंगाल में सती प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया तथा 1829 में बंगाल सरकार ने सती प्रथा के विरूद्ध कानून बनाया। लेकिन राजस्थान के देवराला में भी इसी प्रकार की घटना घटित हुई और आर्य समाज ने लोगों को जागरूक कर सरकार को विवश कर दिया कि सती प्रथा के विरूद्ध कडा कानून बनाया जाए तब भारत सरकार ने 1987 में सती प्रथा के खिलाफ कड़ा कानून बनाया। यह आर्य समाज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आर्य समाज सैक्टर.19 की सराहना करते हुए कहा कि अब आर्य समाज भवनों से निकलकर कालोनी और बस्तियों में लोगों को वेदों की ओर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है तभी हम सुखी और संपन्न बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि गलती का प्रायश्चित करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। गलती के बाद व्यक्ति को प्रायश्चित कर मन और मस्तिष्क दोनों को शांत कर लेना चाहिए।

### रोड शो की तारीख बदली

## गाजियाबाद में 8 को आएंगे सीएम योगी पन्ना प्रमुख सम्मेलन में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में उपचुनाव के लिए प्रचार का दौर चल रहा है। आठ नवंबर को पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद पहुंचेंगे। शहर में विधानसभा उप चुनाव के मुख्य चुनाव संयोजक एवं पूर्व महापौर आशु वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ नवंबर को शाम चार बजे नेहरूनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे। फिलहाल, उनके रोड शो का कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है।

**अधिकारियों को दिए निर्देश शिकायतों का निपटारा शीघ्र से शीघ्र करें**

## नगर निगम ने जोन तथा ग्रामीण आंचल में लगाएं समाधान शिविर में आई 14 शिकायतें , पांच का हो गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम के तीनों जोन के कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्र के तीनों ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालयों में बुधवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 14 शिकायतें आई, जिनमें से 5 शिकायतों का संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। शेष शिकायतों का निवारण भी अति शीघ्र करने के कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 से 11 बजे तक नगर निकाय कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, पानी, सीवरेज, सडक़ें व सफाई संबंधित शिकायत प्राप्त हुई, जिसके लिए वहां संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिए गए कि वे उक्त शिकायतों का निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें। वहीं समाधान शिविर में आए प्रार्थियों की शिकायतों को जिन्हें लिखने में परेशानी हो रही थी उनकी शिकायतों को नगर निगम के कर्मचारियों की सहायता से लिखवा कर व पूरे दस्तावेज लगाकर समाधान भी मौके पर करवाया गया।

### जटिल ऑपरेशनः 6-7 माह से पेट में दर्द की शिकायत थी

## चुनौती पूर्ण सर्जरी में 55 वर्षीय अफ्रीकी महिला के पेट से निकाला 9.1 किलोग्राम का कैंसर ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने 55 वर्षीय अफ्रीकी महिला के पेट से 9.1 किलोग्राम वजन के कैंसर ट्यूमर को निकालने में सफलता हासिल की। मरीज के पेट में पिछले 6-7 महीनों से दर्द की शिकायत बनी हुई थी।

डॉ अमित जावेद, डायरेक्टर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ओंकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के नेतृत्व में डॉक्टरों की कुशल टीम ने मरीज के पेट से इस बड़े आकार के ट्यूमर को निकाला, जो एक बड़ी फुटबॉल की तरह उनके पेट से लटक रहा था। डॉ अमित जावेद, डायरेक्टर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ओंकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने बताया कि महिला ने फोर्टिस गुरुग्राम आने से पहले अफ्रीका के कई अस्पतालों में इलाज लेने की कोशिश की थी।



## कंपनी से लोहा चुराने वाला आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आविद गांव घाघोट चांदहट पलवल का रहने वाला है।

आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अदालत से पुलिस प्रोडक्शन पर लिया है। आविद नीमका जेल में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी के मामले में जेल में बंद था। आरोपी ने मई माह में मेवला महाराजपुर के एरिया में फरीदाबाद की रहने वाली महिला सुमन के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 43000 रूपए की ठगी की थी। जिसका मामला थाना सूरजकुण्ड में दर्ज है।

### श्री शिव पुराण कथा का दूसरा दिन

## शिव पुराण का श्रवण करने से प्राप्त होते हैं चारों पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्षः राधा किशोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानव सेवा समिति के तत्वाधान में श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 9 में आयोजित श्री शिव पुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास देवी राधा किशोरी ने कहा है कि शिव पुराण कथा का श्रवण करने से चारों पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष प्राप्त होते हैं।



शिव पुराण में भगवान शिव का सर्वस्व निहित है और इसके सुनने मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं अतः सभी को शिव पुराण कथा का श्रवण करने जरूर आना चाहिए। कथा संयोजक रंतिदेव गुप्ता व महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा है कि कथा का आयोजन सोमवार 11 नवंबर तक शाम 3 से 6.30 तक रहेगा 12 नवंबर को यज्ञ, हवन व भंडारे का आयोजन करके कथा का समापन किया जाएगा।

## विद्यालय में टूर्नामेंट का शुभारंभ, आयोजन में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित तक्षशिला मॉडल सी.सै. स्कूल में तक्षशिला कप टूर्नामेंट उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के पूजन द्वारा, ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई विद्यालय के चैयरमैन श्रीमती उषा शर्मा, निदेशक बीडी शर्मा और उपनिदेशक मोहित शर्मा, विद्यालय के सेक्रेटरी रोहित शर्मा ने मुख्य अतिथि बल्लभगढ़ विधायक पंडित मूलचंद शर्मा का और डियूप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स आफ हरियाणा गिरिराज का इस अवसर पर बुक्के देकर हार्दिक स्वागत किया गया। सभी अतिथिगणों का भी फूलमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 80 स्कूलों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बच्चों ने स्वागत गीत गाया और हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके पश्चात होलाहूप ड्रिल ने खिलाडिय़ों में नव स्फूर्ति का संचार किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पंडित मूलचंद शर्मा ने वर्तमान खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए कुछ शब्द कहे और विद्यालय समिति में उषा शर्मा की भागीदारी के लिए बीडी शर्मा को बधाई दी।

**दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की**




### शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का आगाज किया

*मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काट कर ट्रॉफी का इनॉग्रेशन और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। सर्वोत्तम मार्च पास्ट का खिताब वर्ल्ड मिलेनियम विद्यालय ने अपने नाम किया। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती उषा शर्मा ने सभी अतिथियों को इस शुभ अवसर पर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस उपलक्ष्य में आए हुए सभी अतिथियों के लिए जलपान तथा मिष्ठान का भी आयोजन किया गया। वॉलीबॉल का पहला मुकाबला सेंट थॉमस स्कूल सेक्टर-8 और मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच में हुआ। जिसमें सेंट थॉमस के कैप्टन शिवम चौधरी ने सर्वोत्तम प्रदर्शन के कारण 25.12 से मैच को अपने नाम किया जिसके कारण मुरारी लाल स्कूल को मुंह की खानी पड़ी। बास्केटबॉल मैच में अरावली इंटरनेशनल को मॉडर्न स्कूल सेक्टर-17 से 18.2 की भारी हार का सामना करना पड़ा।*

### आरोपी को अदालत में पेशकर जेल भेजा

## अपराध शाखा की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रुप सिंह उर्फ भोला निवासी एसजीएम नगर का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान बुद्ध विहार पार्क एसजीएम नगर एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है।



**खबर संक्षेप**

## छठ घाट बनाने के दौरान डूबने से किशोर की मौत

**मधेपुरा।** मधेपुरा जिले में छठ पर्व की तैयारियों के दौरान एक हृदयविदारक घटना में एक 15 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। बुधवार को गौशाला घाट पर छठ घाट तैयार करते समय पैर फिसलने के कारण चंदन कुमार गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी जान चली गई। चंदन आदर्श नगर वार्ड आठ निवासी नंदकिशोर ठाकुर का बेटा था और तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। इस दुखद घटना के बाद चंदन के परिवार में छठ की खुशियां मातम में बदल गईं। चंदन के जाने से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

राम नगरी की विश्व विख्यात 14 कोसी परिक्रमा

# अयोध्या की 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने में 4 दिन शेष, 25 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे, विधायक ने लिया जायजा

*अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। प्रशासन तैयारियों में जुटा है। विधायक और मंडलायुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परिक्रमा मार्ग पर निर्माण सामग्री हटाने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या की विश्व विख्यात 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने में केवल चार दिन शेष हैं लेकिन मार्ग को चौड़ा करने के काम के चलते जगह-जगह निर्माण सामग्री पड़ी है।

इसके अलावा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग पर जलभराव व गड्ढे भी मिले हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार हो रही इस परिक्रमा में 25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें प्रदेश के कई जिलों के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग आएंगे। ऐसे में इस मार्ग पर बची समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

**खास बातें**

- राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली हो रही 14 कोसी परिक्रमा
- विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और मंडलायुक्त गौरव दयाल ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया
- कमिश्नर गौरव दयाल ने परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के काम को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया



### विधायक व मंडलायुक्त लगातार कर रहे हैं मॉनिटरिंग

अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व मंडलायुक्त गौरव दयाल ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर जरूरी सुविधाओं को परखा। इसके बाद कमिश्नर ने 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा, कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों में लगे विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इसमें आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंद्र सिंह, एसएसपी राजकरन नैय्यर, अयोध्या विकास प्राधिकरण के वीसी अश्विनी कुमार पांडेय मौजूद रहे। बैठक में गौरव दयाल ने कहा कि परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण का काम प्रगति पर है। इस कारण मार्ग के दोनों और निर्माण सामग्री पड़ी हुई है। उसे तुरंत हटवाते हुए मार्ग को सुगम बनाने का काम तेजी से किया जाए।

### परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की संभावना

*आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंगों पर मैजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों के साथ रेल अधिकारियों की भी तैनाती की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर परिक्रमा मार्ग संकरे हैं, उन जगहों पर भगदड़ से बचने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रहे। इसके अलावा यातायात को लेकर भी पुलिस अलर्ट रहे, जिससे जाम या डायवर्जन की स्थिति का तुरंत समाधान किया जा सके। बैठक में डीएम चंद्र विजय सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार हो रही परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए तैयारियां पूर्ण की जा सकें।*

मामला दर्ज, जांच शुरू

# पेट्रोल गैस टैंकर से 1 करोड़ की शराब जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

जिले के अहियापुर थानाक्षेत्र के बखरी चौक के निकट एक पेट्रोल गैस टैंकर से भारी मात्रा में शराब जब्त किया गया है। जब्त किए गए शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

मौके से टैंकर के साथ 3 तस्कर भी गिरफ्तार किये गए हैं। बता दें, यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। मामले की जानकारी एसडीओपी नगर 2 विनीता सिन्हा ने दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गए सभी आरोपी पंजाब और हरियाणा के रहने वाले हैं। कार्रवाई करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था।



कार्रवाई के लिए विशेष टीम का गठन किया गया

### मिली थी गुप्त सूचना

एसडीपीओ 2 ने आगे बताया कि शराब को लेकर जिले में लगातार छापेमारी चल रही है। इस बीच गुप्त जानकारी मिली थी कि करीब 1 करोड़ की विदेशी शराब पेट्रोल गैस की टंकी में छुपा कर ले जाया जा रहा है। मौके से पकड़े गए तीनों आरोपी ड्राइवर और खलासी हैं। पुलिस आगे पूछताछ कर पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप ने स्विंग ...

का नियंत्रण हासिल कर लिया। यह बहुत ही अच्छा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जीत के लिए बधाई दी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद कीर स्टार्मर भी उन वैश्विक नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने ट्रंप को जीत की बधाई दी है। कीर स्टार्मर ने कहा कि ट्रंप के जीत हासिल करने के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत भी समृद्ध होंगे।

### ट्रंप को पीएम ...

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर मुख्य हैं। लेकिन इन सबके बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप को अब तक कोई बधाई संदेश नहीं दिया है। हालांकि रूस,अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार है।

**तस्वीरों से बताई मित्रता की गहराई:** पीएम ने अपनी पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान वर्ष 2020 में किए गए भारत दौरे, उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा, 2019 में फ्रांस में हुई जी-7 की बैठक में हुई मुलाकात की चार तस्वीरें साझा कर अपनी दोस्ती की गहराई को प्रदर्शित किया। पहली तस्वीर में पीएम ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ गले लगाते हुए तस्वीर साझा की है। दूसरी तस्वीर में अहमदाबाद हवाईअड्डे पर स्थानीय कलाकारों के साथ उनके रेड कारपेट स्वागत की तस्वीर है। तीसरी तस्वीर में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा और हाउडी मोदी कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं का एक-दूसरे के हाथ में हाथ डालकर स्टेडियम में प्रवेश करने की तस्वीर है। जबकि अंतिम तस्वीर 2019 में फ्रांस में हुई जी-7 समूह की बैठक से इतर हुई दोनों नेताओं की मुलाकात से जुड़ी हुई है। जिसमें दोनों नेता आपस में किसी बात पर जोर से ठहाका लगाते हुए नजर आ रहे हैं। भारत से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति को बधाई दी है।

**जेलेंस्की व अन्य नेताओं के संदेश:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, मुझे सितंबर में ट्रंप के साथ हमारी शानदार बैठक याद आती है। जब हमने यूक्रेन-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, विजय योजना और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की थी। मैं, वैश्विक मामलों में शक्ति के माध्यम से शांति दृष्टिकोण के प्रति राष्ट्रपति ट्रंप की प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। यह बिलकुल वही सिद्धांत है जो व्यावहारिक रूप से यूक्रेन में न्यायपूर्ण शांति ला सकता है। मुझे उम्मीद है कि हम इसे एक साथ अमल में लाएंगे। हम राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णायक नेतृत्व में एक मजबूत अमेरिका के युग की आशा करते हैं।

**पाक, इजरायल के पीएम ने भी दी बधाई:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बधाई संदेश में लिखा, निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दूसरे कार्यकाल के लिए ऐतिहासिक जीत पर बधाई। मैं, पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों को और मजबूत व व्यापक बनाने के लिए आने वाले प्रशासन के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, प्रिय डोनाल्ड और मेलानिया ट्रंप। इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई। व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नई शुरुआत और इजरायल-अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए शक्तिशाली पुनः प्रतिबद्धता प्रदान करती है। यह एक बहुत बड़ी जीत है। इटली की पीएम मेलोनी ने लिखा, डोनाल्ड ट्रंप को मेरी हार्दिक बधाई। इटली और अमेरिका के बीच एक खास और अटूट रिश्ता है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने बधाई संदेश में कहा, सबसे करीबी सहयोगियों के रूप में हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के साझा मूल्यों की रक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### रूस के खिलाफ...

चुनाव प्रचार के दौरान रूस के खिलाफ बयान दिए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में रूस की भूमिका को लेकर किए गए दावों को रूस ने खारिज कर दिया है।

### मेधावी विद्यार्थियों ...

होगा। इस योजना को एक सरल, पारदर्शी व विद्यार्थियों के अनुकूल प्रणाली के जरिए संचालित किया जाएगा। जो कि पूरी तरह से डिजिटल होगी। छात्र 7.5 लाख रुपए तक की ऋण राशि के लिए बकाया डिफॉल्ट की 75 फीसदी क्रेडिट गारंटी के भी पात्र होंगे। साथ ही इससे बैंकों को छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने में आसानी होगी। **यह संस्थान होंगे शामिल:** मंत्रालय के मुताबिक, पीएम विद्यालक्ष्मी योजना एनआईआरएफ रैंकिंग द्वारा तय किए गए देश के शीर्ष गुणवत्ता वाले उच्च शिक्षण संस्थानों पर लागू होगी। रैंकिंग की समग्र, श्रेणी और डोमेन विशिष्ट रैंकिंग में शीर्ष 100 में स्थान पाने वाले सभी सरकारी व निजी संस्थान शामिल होंगे। इसके अलावा 101-200 रैंकिंग में स्थान पाने वाले राज्य सरकार के उच्च शिक्षा संस्थानों और केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित सभी संस्थानों को इसमें शामिल किया गया है। सूची को नवीनतम रैंकिंग का उपयोग कर हर साल अद्यतन किया जाएगा। लेकिन शुरुआत 860 क्यूएचईआई के साथ होगी। जिसमें 22 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

### हिमाचल प्रदेश...

की कार्यकारिणी को भंग कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूरी प्रदेश इकाई, जिला अध्यक्षों और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

हाल ही में करीब दो हफ्ते पहले कांग्रेस हिमाचल की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हाईकमान को पत्र लिखकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से गठन की मंजूरी मांगी थी। उन्होंने संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह नई नियुक्तियां करने की हाईकमान से मांग की थी। फिलहाल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से चर्चा के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिल सके।

**संगठन में हो सकते हैं कई बड़े बदलाव:** करीब ढाई साल पहले अध्यक्ष बनीं प्रतिभा सिंह ने अब तक संगठन में बड़े बदलाव नहीं किए थे, हालांकि इस दौरान कई पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब सबसे बडा सवाल ये है कि क्या प्रतिभा सिंह की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनी रहेंगी? इसमें संदेह इसीलिए पैदा हुआ कि पीसीसी अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को शून्य कर दिया गया। विधानसभा चुनाव से तीन साल पहले, अब शीर्ष नेतृत्व नये सिरे से पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय है।

**दिल्ली दौरे पर गई थीं प्रतिभा सिंह:** ये भी विदित है कि हाल ही में दिल्ली दौरे के दौरान, प्रतिभा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की थी। इससे पूर्व हाईकमान को पत्र लिखकर नई कार्यकारिणी के गठन की मंजूरी मांग भी प्रतिभा सिंह ने की थी। फिलहाल उनकी मांग पर नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। अब निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर उनकी जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

**युवाओं को मिल सकता है मौका:** माना जा रहा है कि पार्टी में फेरबदल के साथ युवाओं और अनुभवी नेताओं को महत्वपूर्ण पदों पर लाया जाएगा। पार्टी को सक्रिय और मजबूत करने के लिए लंबे समय से सांगठनिक फेरबदल की दरकार मानी जा रही थी। खासकर युवाओं में इस बात का खासा रोष था कि उन्हें प्रदेश संगठन में महत्वूर्ण जिम्मेदारियों से वंचित रखा जाता है। पुराने चेहरे को ही तवज्जो दी जाती है।

### स्वदेशी जंगी युद्धपोत...

**2022 में नौसेना में हुआ शामिल:** गौरतलब है कि आईएनएस विक्रांत को 2 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में आयोजित एक भव्य समारोह में नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया था। इससे पहले नौसेना के पास केवल एक विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य था। जिसे भारत ने रूस से खरीदा था। वर्ष 2013 में विक्रांत के निर्माण कार्य की शुरुआत कोचीन शिपयार्ड में हुई थी। इसका कुल वजन करीब 44 हजार टन है। पीएम मोदी ने नौसेना में इसे शामिल करते हुए कहा था कि विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी में भारत की कड़ी मेहनत, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 'अगर लक्ष्य दूर हैं, यात्राएं लंबी हैं, समुद्र और चुनौतियां अंतहीन हैं। तो भारत का जवाब विक्रांत है।'

महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतरे सीएम

# बंटोगे तो कटोगे' के बाद मुख्यमंत्री योगी ने दिया नया नारा कहा-एक हैं तो सेफ हैं

*भारत का संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है, मुगलों से नहीं*

*महाराष्ट्र व विधानसभा चुनाव में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नया नारा दिया है। उन्होंने बंटोगे कटोगे बाद अब कहा, एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ हैं।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'बंटोगे तो कटोगे' के बाद अब नया नारा दिया है। महाराष्ट्र के वाशिम में चुनाव प्रचार के दौरान आदित्यनाथ ने कहा कि अगर हम एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, बंटिए मत! क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। हम 'एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं।'

महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कई सीटों पर रैलियां की। अमरावती में उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब जैसे बर्बर आक्रमणकारी को चुनौती दी थी। जब 2017 में मुझे उत्तर प्रदेश का सीएम बनाया गया, तो मैं आगरा गया। मुझे बताया गया कि वहां एक मुगल संग्रहालय बन रहा है, मैंने कहा कि मुगलों का भारत और आगरा से क्या संबंध है? हमने कहा कि भारत का संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है। इस संग्रहालय का नाम बदलना चाहिए। मराठों और छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतीक बनें।

**खास बातें**

- किसी भी सूरत में बंटना मत
- योगी ने महाराष्ट्र में कई सीटों पर रैलियां की



### जब भी बंटे थे तो कटे थे

लोगों से अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस दुष्ट अफजल को मारा था। उसके नाम पर औरंगाबाद होना चाहिए। इसको बदलना ही चाहिए। इसको संभाजी नगर के रूप में पहचान मिलनी चाहिए. छत्रपति शिवजी महाराज हम सबको एकजुट कर गए थे। छत्रपति महाराज ने जिस एकजुटता का प्रदर्शन करके हिंदवी सम्राज्य की स्थापना की थी, उन्ही की प्रेरणा लेकर मैं बार-बार आपसे कहता हूं "बंटिये मत, क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे, एक हैं तो नेक हैं, सेफ हैं, हमें एकजुट रहना है। सीएम योगी ने कहा, हिंदुओं के एक होने पर औरंगजेब जैसा विदेशी आक्रांता भी ना चाहते हुए भी पराजय का मुंह देखने के लिए मजबूर हुआ था। इतिहास सबको यही प्रेरणा दे रहा है। तमाम लोग आकर आपसे कई बात कहेंगे लेकिन मैं एक ही बात कहूंगा। किसी भी सूरत में बंटना मत।

### सबकी सुनें, लेकिन बंटे नहीं

*वाशिम विधानसभा सीट पर प्रचार करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, सत्ताएं तो आएंगी-जाएंगी, लेकिन हमारा 'भारत' रहना चाहिए 'भारत' दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहिए। इसमें आपका भी योगदान है। सब मिलकर चलें और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। ध्यान रखें, बात सबकी सुननी है, लेकिन बंटना नहीं है।*

### जातीय राजनीति के खिलाफ योगी की मुहिम

चुनावी सभाओं के अलावा योगी आदित्यनाथ ने दिवाली के मौके पर अयोध्या में अपने भाषण में भी हिंदुओं को बंट जाने से बचने के लिए आगाह किया था - और यही बात वो झारखंड की एक चुनावी रैली में भी समझा रहे थे। झारखंड में बीजेपी के चुनाव कैंपेन के दौरान योगी आदित्यनाथ लोगों से कह रहे थे, अपनी ताकत का एहसास करवाइए.. जातियों में बंटना नहीं है। जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे... कांग्रेस और विपक्ष यही काम करते हैं। चेतावनी के साथ लोगों से एकजुट होने की अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ कहते हैं, ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या को बुला रहे हैं... एक दिन ये लोग आपको घर के अंदर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे... इसलिए, एक रहिए और नेक रहिए... मैं तो कहता हूं, देश का इतिहास गवाह है... जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

**छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 07.11.2024 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**दिनांक 07.11.2024 (गुरुवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 2 + 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सिवान जं. |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 2+3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद |
| 04074 | दिल्ली जं. | 23:55 | कोलकाता | 03:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., किऊल, जसीडीह जं., मधुपुर जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्धमान |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04674 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 04494 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04230 | नई दिल्ली | 11:30 | हाजीपुर | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पाटलिपुत्र जं. |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें




डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## कैटरेक्ट ऑपरेशन के बाद भी अगर दिखाई पड़े धुंधला



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। दो महीने पहले मैंने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद भी मेरी आंखों की समस्या पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। अभी भी मुझे धुंधला दिखाई पड़ता है और अकसर आंखों से पानी निकलता रहता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

ऑपरेशन कराने के कुछ समय बाद तक इस तरह की समस्या कई बार देखी जाती है, लेकिन अगर आपको ऑपरेशन कराए हुए काफी समय हो गया और फिर भी परेशानी आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जिस डॉक्टर से ऑपरेशन कराया है, वहां दिखाने के बाद आराम नहीं मिल रहा है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर बदल लेना चाहिए। यानी सेकेंड ओपिनियन लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। मैं कई तरह के फेस-वॉश और क्रीम यूज कर चुका हूं लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। प्लीज मुझे मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राहुल, बिलासपुर**

आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि पहले कई तरह के फेसवॉश का इस्तेमाल कर रखा है। तरह-तरह की फेस वॉश से भी स्किन में समस्या आ जाती है, इसलिए अभी किसी तरह का फेसवॉश इस्तेमाल ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें। उनकी एडवाइस के बाद ही कोई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। अकसर ही मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए, कृपया मेरा उचित मार्गदर्शन करें।**

**-सुशील, रायपुर**

आपकी बीमारी के लक्षण सुनकर, बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन कई बार हाथ-पैरों में सूजन शुगर बढ़ने की वजह से भी हो जाती है। क्या आप शुगर के पेशेंट हैं? अगर हैं तो जरूर आपको सबसे पहले अपने ब्लड में शुगर लेवल की जांच करवानी चाहिए। अगर शुगर नॉर्मल है तो भी आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बिना जांच कराए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बालों में बहुत ज्यादा डेंड्रफ हो जाते हैं। साथ ही सिर में खुजलाहट-सी बनी रहती है। कृपया बताएं, क्या मुझे इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की जरूरत है?**

**-सचिन, महासमुंद**

सर्दी के मौसम में डेंड्रफ होने की समस्या काफी देखी जाती है। इसकी एक वजह यह है कि कई लोग सर्दियों में प्रॉपर सिर नहीं धोते हैं या फिर ज्यादातर समय कैप या मफलर लगाते हैं, जिससे उचित देखभाल नहीं हो पाती है। सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें, उसकी एडवाइस के बाद ही आप किसी हेयर ऑयल या शैंपू का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे कान में दर्द शुरू हो जाता है। कभी-कभी टीस के साथ कानों में घरघराहट जैसी आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कार्तिक, भोपाल**

कान के दर्द को आप हल्के में ना लें, कई बार यह गंभीर बीमारी का कारण भी बन जाता है। क्या आपके कान से लिक्विड भी बहता है? अगर ऐसा है तो आपको तुरंत ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। कई बार कान की हड्डी में प्रॉब्लम होती है। कान की हड्डी गलने लगती है। समय पर उपचार ना होने की वजह से बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। इसलिए तुरंत जांच कराएं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मेडिकल एडवाइस

डॉ. सुमीत सिंघानिया
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरू भाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

- *1.27 लाख पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सन 2018 में भारत में मौतें हुईं। देश में निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर में साल-दर-साल गिरावट दर्ज हो रही है।*
- *प्रत्येक 39 सेकेंड में दुनिया भर में एक बच्चे की निमोनिया से मौत होती है। (स्रोतः यूनिसेफ)*
- *प्रतिवर्ष दुनिया भर में 45 करोड़ व्यक्ति निमोनिया से पीड़ित होते हैं।*

स्पेशलः वर्ल्ड निमोनिया-डे, 12 नवंबर

वैसे निमोनिया की गिरफ्त में हर आयु वर्ग के व्यक्ति आ सकते हैं, लेकिन आमतौर पर 5 साल से कम आयु वाले बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों में निमोनिया के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। बैक्टीरिया, वायरस या फंगस की वजह से हो सकने वाला निमोनिया बहुत खतरनाक रोग है, जिसका समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर यहां बहुत डिटेल में बता रहे हैं।

## खतरनाक रोग है निमोनिया ट्रीटमेंट में बिल्कुल ना करें देर



दि फोरम ऑफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज के अनुसार फेफड़ों में संक्रमण को निमोनिया कहते हैं। ऐसा संक्रमण जीवाणुओं (बैक्टीरिया), विषाणुओं (वायरस) और कवक (फंगस) के कारण होता है। ऐसे संक्रमण के कारण फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ जैसे मवाद और बलगम के रूप में जमा होने लगते हैं। जीवाणुजनित संक्रमण के अंतर्गत फेफड़ों में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के कारण होने वाले संक्रमण को भी निमोनिया के अंतर्गत शुमार किया जाता है। वहीं वायरस से होने वाले संक्रमणों जैसे फ्लू और स्वाइन फ्लू आदि बीमारियों में वायरस के दुष्प्रभाव से फेफड़ों में होने वाले संक्रमणों को भी निमोनिया के अंतर्गत माना जाता है। बावजूद इसके, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 90 फीसदी मामले जीवाणुजनित निमोनिया से संबंधित होते हैं। बैक्टीरियल निमोनिया का एक कारण न्यूमोकोकल बैक्टीरिया है, जिसे स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया कहा जाता है। जब दोनों फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है, तो इस गंभीर मेडिकल स्थिति को डबल निमोनिया कहते हैं।

### जीवाणुजनित निमोनिया के लक्षण

सांस लेने में दिक्कत, तेजी से सांस चलना, तेज बुखार, पीले, हरे या रक्तयुक्त बलगम के साथ खांसी। दिल की धड़कन का तेज होना। गहरी सांस लेने पर सीने में दर्द महसूस होना। भूख में कमी। त्वचा या नाखून का नीला पड़ना। बेचैनी महसूस करना और उल्टी होना।

### वायरल निमोनिया के लक्षण

ऐसे में मरीज को उपरोक्त कुछ लक्षणों के अलावा ये लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। जैसे- मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, सूखी खांसी आना। लगातार सिर दर्द होना।

### छोटे बच्चों में निमोनिया के लक्षण

पसली चलना, एक साल से कम उम्र के बच्चे दूध पीना छोड़ देते हैं और इससे बड़ी उम्र के बच्चे खाना-पीना बंद कर देते हैं। सांस लेते समय घरघराने जैसी आवाज, पेशाब की मात्रा में कमी होना, बुखार के साथ ठंड लगना और त्वचा का लाल होना, उल्टी होना, बच्चे का सुस्त रहना।

### बुजुर्गों में लक्षण

उपरोक्त लक्षणों के अलावा बुजुर्गों में खास तौर पर अनियंत्रित रक्तचाप से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है। अनेक बुजुर्गों को या तो उच्च रक्तचाप की समस्या उत्पन्न होती है या फिर वे लो ब्लड प्रेशर के शिकार हो सकते हैं या फिर उनके रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। उन्हें अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस होती है।

### इनको है ज्यादा रिस्क

जो लोग पहले से ही दमा, ब्रॉन्काइटिस और सांस संबंधी अन्य रोगों जैसे क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज(सीओपीडी) आदि से पीड़ित हैं, उनमें निमोनिया होने का जोखिम कहीं ज्यादा होता है। इसके अलावा जो लोग कैंसर, मधुमेह, किडनी और दिल की बीमारी से ग्रस्त हैं, उन्हें निमोनिया होने का जोखिम ज्यादा रहता है।

### डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर द्वारा क्लीनिक में परीक्षण, सीने का एक्सरे, मरीज के बलगम की जांच, सीटी स्कैन, ब्रॉन्कोस्कोपी और ब्लड टेस्ट से किसी व्यक्ति में निमोनिया रोग होने का पता चलता है।

### ट्रीटमेंट का तरीका

यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी के एक अध्ययन के अनुसार अगर समय रहते निमोनिया का समुचित रूप से इलाज नहीं कराया गया तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, क्योंकि फेफड़ों में तरल पदार्थ के एकत्र होने से श्वसन तंत्र की कार्यप्रणाली ठप पड़ सकती है। इस स्थिति में शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन ना मिलने पर महत्वपूर्ण अंग अपना कार्य करना बंद कर देते हैं।

जांचों के बाद ही डॉक्टर इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार डॉक्टर, मरीज को एंटीबायोटिक्स या एंटीवायरल या एंटी फंगल दवाएं देते हैं। इसके अलावा मरीज के लक्षणों के अनुसार दवाएं दी जाती हैं-जैसे खांसी और बुखार को नियंत्रित करने के लिए। जो मरीज गंभीर निमोनिया से ग्रस्त होते हैं, उन्हें ऑक्सीजन भी देनी पड़ती है।

### वायु प्रदूषण में निमोनिया का खतरा

वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) के 100 से अधिक होने पर ऐसे परिवेश में लंबे समय तक कार्य करने से निमोनिया समेत फेफड़ों की अन्य बीमारियां होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के माहौल में अधिक समय तक रहने से फेफड़ों में सूजन यानी (इन्फ्लेमेशन) होने का खतरा बढ़ जाता है, जो कालांतर में निमोनिया के खतरे को बढ़ा देता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि प्रदूषित वायु में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड आदि अन्य विषाक्त गैसें होती हैं, जो आगे चलकर फेफड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों को उत्पन्न करती हैं।



### ऐसा हो खान-पान

- सुपाच्य भोजन ग्रहण करें, जिसमें दलिया और खिचड़ी का विशेष महत्व है।
- उबली हरी सब्जियां और मूंग, मसूर की दाल का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक वसा या चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- परवल, लौकी और करेला का अधिक सेवन हितकर है।
- फलों के जूस के बजाय गर्म सूप का सेवन करें।
- सेब के अलावा खट्टे फलों जैसे अमरूद, आंवला आदि और ड्राई फ्रूट्स का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक ठंडा पानी और कोल्ड ड्रिंक्स ना पिएं।
- जंक फूड्स और प्रोसेस्ड फूड्स से बचें।
- आइसक्रीम और मिठाई ना खाएं।



### ऐसे करें बचाव

बुजुर्गों और वयस्कों में टीकाकरण (वैक्सीनेशन) निमोनिया से बचाव में काफी हद तक सहायक है। जो लोग हाई रिस्क ग्रुप में आते हैं, उन्हें वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए। इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

### जाड़े के मौसम में रहें सावधान

सर्दियों में तापमान में कमी के कारण सांस नलियां सिकुड़ जाती हैं- खासकर बुजुर्गों में। इस कारण जो लोग पहले से ही पुराने सांस रोगों जैसे दमा, सीओपीडी आदि से ग्रस्त हैं, उनके निमोनिया ग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। वैसे सर्दियों में निमोनिया उत्पन्न करने वाले जीवाणु और वायरस कुछ ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। इस कारण भी निमोनिया के मामले बढ़ते हैं।

### ताकि संक्रमण ना फैले

- खांसते समय अपना मुंह और नाक ढंकें और टिश्यू पेपर को बंद कचरे के डिब्बे में डालें।
- किसी वस्तु को खाने से पहले अपने हाथों को साबुन या हैंड सेनीटाइजर से साफ करें।
- अपने आवास या कार्यस्थल में उन सतहों को बार-बार साफ करें, जिन्हें लोग छूते रहते हैं।
- डायरेक्ट और पैसिव स्मोकिंग से बचें। *

प्रस्तुतिःविवेक शुक्ला

अवेयरनेस

डॉ. भूपेंद्र सिंगला
बाल रोग विशेषज्ञ
चाइल्ड केयर सेंटर, दिल्ली

जन्म लेने के बाद से अगले कुछ महीने नवजात शिशु के लिए बहुत सेंसिटिव होते हैं। ऐसे में जरा-सी लापरवाही से नन्हे बच्चे को गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कौन-सी हैं ये समस्याएं और इनसे कैसे बचाएं अपने शिशु को इस बारे में सभी पैरेंट्स को पता होना चाहिए।

## पूरी सावधानी के साथ करें नवजात शिशु की देखभाल



बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए नवजात शिशु की समुचित देखभाल करना बहुत जरूरी है। शिशु की समुचित देख-रेख करने की जिम्मेदारी मां ही नहीं, पूरे परिवार की होती है। सही जानकारी और समुचित देखभाल के अभाव में कई बच्चों के लिए, जन्म के बाद का कुछ समय जोखिम भरा हो सकता है। बच्चे कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। पैरेंट्स को पूरी एहतियात बरतनी और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से भी कंसल्ट करना जरूरी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ध्यान ना देने की वजह से तकरीबन 15 प्रतिशत नवजात बच्चे इंफेक्शन और कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। शिशुओं की सुरक्षा और समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को दुनिया भर में शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

**सिर में इंफेक्शन होनाः** समुचित साफ-सफाई के अभाव में शिशु के सिर पर धीरे-धीरे गंदगी की परत-सी जम जाती है, जिसे क्रैडल क्रैब कहा जाता है। इससे स्किन इंफेक्शन होने का डर रहता है। इसे हटाने के लिए बच्चे को ऑयल मसाज के बाद डॉक्टर की सलाह पर मेडिकेटेड शैंपू से सिर धोना फायदेमंद है।

**आंखों में इंफेक्शनः** समुचित ध्यान ना रखे जाने पर शिशु की आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। जिसकी वजह से आंखों से पानी निकलता है और आंखें चिपचिपी रहती हैं, जबकि शिशु की आंखें रेग्युलर साफ करनी जरूरी हैं क्योंकि नाजुक होने के कारण इंफेक्शन, नजर को प्रभावित कर सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में गीले किए छोटे-छोटे कॉटन-बॉल्स लेकर नाक से कान की तरफ ले जाते हुए दिन में कम से कम दो बार आंखें साफ करनी चाहिए। जरूरत हो तो डॉक्टर से कंसल्ट करके आई ड्रॉप्स भी डाले जा सकते हैं। एक्सपर्ट्स के हिसाब से छोटे बच्चों की आंखों में काजल नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि काजल में काफी मात्रा में लेड होता है। यह लेड आंखों के कॉर्निया पर प्रेशर डालता है और आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सावधानी बरतें।

**मुंह में फंगल इंफेक्शनः** दूध पीने से शिशु के मुंह में खासकर जीभ पर दूध जम जाता है, जिससे ओरल थ्रश फंगल इंफेक्शन होने की आशंका बनी रहती है। इससे बचाव के लिए दूध पिलाने के बाद नवजात शिशु की जीभ और मुंह को साफ रखना चाहिए। इसके लिए साफ और मुलायम कपड़े को उबाल कर ठंडा किए हुए पानी में भिगोकर पूरे मुंह को साफ करना चाहिए।

**कान में इंफेक्शनः** लेट कर ब्रेस्टफीडिंग कराने पर कई बार दूध गले से कान तक जाने वाली नली यूस्टेशियन ट्यूब में चला जाता है। जिससे शिशु को कान का इंफेक्शन हो जाता है और कान बहने लगता है। इससे बचने के लिए दूध पिलाते समय बच्चे का सिर हमेशा ऊंचा रखना चाहिए ताकि दूध आराम से फूड पाइप से नीचे चला जाए।

**रैशेज होनाः** नए एंवॉयर्नमेंट में आने के कारण जन्म के 3-4 दिन बाद कुछ बच्चों में रैशेज की समस्या देखी जाती है। ये रैशेज आमतौर पर चेहरे से शुरू होकर शरीर तक जाते हैं और एकाध सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। इचिंग से बचाने के लिए उन्हें नए स्टार्चयुक्त कपड़े ना पहनाकर धोने के बाद ही सूती कपड़े पहनाने चाहिए। अगर इन रैशेज में पस भी पड़ जाए, तो डॉक्टर को कंसल्ट करें क्योंकि यह सुपरफीशियल फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है।

**मां के हार्मोंस नवजात शिशु में आनाः** कई बार मां के एस्ट्रोजन हार्मोंस गर्भस्थ कन्या-भ्रूण के शरीर में चले जाते हैं। जिससे जन्मोपरांत बच्ची की ब्रेस्ट में हल्की-सी सूजन आ जाती है और दूध निकलता है। कई मामलों में नवजात शिशु को वाइट डिस्चार्ज या हल्की-सी ब्लीडिंग भी होती है। वैज्ञानिक भाषा में मास्टाइटिस नियोनेटरम कहा जाता है। ऐसे में डॉक्टर से कंसल्ट करना बेहतर है, वरना इंफेक्शन की संभावना रहती है।

**एंबिकल गर्भनाल में इंफेक्शनः** नवजात शिशु की नाभि में लगी क्लिप से बंद की गई गर्भनाल को सूखा रखना जरूरी है। गर्भनाल धीरे-धीरे सिकुड़ते हुए 8-10 दिन में अपने आप झड़ जाती है। इस दौरान गर्भनाल को धोना या पावडर या ऑयल नहीं लगाना चाहिए। इससे इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। नाभि के आस-पास का हिस्सा लाल हो जाता है, सूजन आ जाती है या पस निकलने लगती है। कोई समस्या होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है।

**पसली का तेजी से चलनाः** आमतौर पर नवजात शिशु का ब्रीदिंग रेट 60/ मिनट से ज्यादा हो और पसलियों में गड्ढे पड़ रहे हों या चेस्ट रिट्रेक्शन हो रहा है, तो संभव है कि उसे लंग्स या हार्ट डिजीज हो। कई बार उसे सर्दी लगने या रेस्पिरेटरी ट्रैक में इंफेक्शन से भी ऐसा होता है। ऐसे में शिशु को तुरंत डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

**जांडिस होनाः** जन्मोपरांत 4-5 दिन में नवजात शिशु में लिवर मैच्योर ना होने की वजह से फिजियोलॉजिकल जांडिस हो सकता है। आमतौर पर यह 3-5 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह ज्यादा दिन तक रहता है। इलाज के लिए शिशु को फोटो थेरेपिक लाइट में रखना पड़ता है। बच्चे में अगर पीलिया 20 मिलीग्राम प्रति डेसीमीटर से ज्यादा हो जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। पीलिया बच्चे के ब्रेन में चला जाता है और ब्रेन को परमानेंट डैमेज कर सकता है।

**मल त्याग में समस्याः** आमतौर पर शिशु का दिन में 2-3 बार स्टूल पास करना सामान्य माना जाता है। लेकिन बैक्टीरियल इंफेक्शन होने पर बच्चा दिन से 4-5 बार मल त्याग करता है और उसका मल अलग-अलग शेप का, हरे रंग का या खून युक्त आता है। इसी तरह फॉर्मूला मिल्क पीने से अकसर शिशु को कब्ज की शिकायत हो सकती है। जिसकी वजह से उसे पेट में दर्द, ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। *

प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा

### समुचित पोषण ना मिलना

**समय-असमय** सोने, ब्रेस्ट फीडिंग के बाद उल्टी कर दूध निकालने या फिर अंदरूनी तकलीफ होने पर सुस्त पड़ने की वजह से बच्चा दूध नहीं पी पाता। समुचित पोषण ना मिल पाने से उसका विकास अवरुद्ध हो सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो नवजात शिशु को ब्रेस्ट फीडिंग कराने में 2-3 घंटे से ज्यादा का गैप नहीं रखना चाहिए। अगर बच्चा सो भी रहा हो, तो उठाकर फीड कराना चाहिए। दूध पिलाने के बाद बच्चे को छाती से सीधा लगाकर पीठ को हल्के हाथ से थपकियां देनी चाहिए ताकि उसे डकार आ जाए और वह उल्टी ना करे। दूध ना पीने की स्थिति में यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।



हर्बल जोन

रेखा देशराज

बिच्छू बूटी में अनेक ऐसे औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जो कई रोगों में कारगर होते हैं। खासतौर पर इन दिनों की हल्की सर्दी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी, इसका सही तरीके से किया गया सेवन, हमें बचाए रखता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## गुनगुनी सर्दियों में गर्माइश देती बिच्छू बूटी



उत्तराखंड के जंगलों, हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में यूं ही खूब उगने वाली बिच्छू बूटी या बिछुआ, जिसे हिमाचल प्रदेश में कंडाली के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी पारंपरिक औषधीय जड़ी बूटी है, जो अपनी पत्तियों में उगे डंकों या कांटों के लिए जानी जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम अर्टिका डाइओका है। यह मूलतः पश्चिमी देशों में इस्तेमाल होने वाली हर्ब है। लेकिन अब भारत में भी लोग इसका खूब इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि यह भारत के लगभग सभी पहाड़ी और मैदानी जंगलों में अपने आप उगती है। धीरे-धीरे इसके फायदों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। इसे पंसारियों की दुकान से जड़ी बूटी के रूप में और इसके इस्तेमाल से बनी तमाम औषधियों को आयुर्वेदिक दवा स्टोर से खरीदा जा सकता है।

**मौजूद औषधीय गुणः** यह सचमुच बड़े काम की वानस्पतिक औषधि है। सर्दियों में इसके इस्तेमाल से शरीर में गुनगुनी गर्माइश का प्रवाह रहता है। यह जोड़ों के सूजन को कम करती है। रक्त में शर्करा को नियंत्रण करती है। जिन लोगों को मूत्र करने में परेशानी हो, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे मूत्र प्रवाह बेहतर होता है।

**कई रोगों में कारगरः** बिच्छू बूटी की पत्तियों में विटामिन-ए, विटामिन-सी के साथ-साथ आयरन, प्रोटीन और कई तरह के खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से गुनगुनी सर्दियों में शरीर को बहुत राहत मिलती है और हम शुरुआती सर्दी में होने वाले संक्रमण से बचे रहते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा की एलर्जी कम करती है। इसकी नियमित चाय पीने से शरीर का डिटॉक्सीफिकेशन होता है। इसके बीज और अर्क के इस्तेमाल से शरीर में सेरोटोनिन बढ़ता है, जिससे ऊर्जा मिलती है। बिच्छू बूटी के कंटीले पत्तों का दरदरा लेप बनाकर अगर सूजे हुए जोड़ों में लगाया जाए तो जोड़ों के दर्द में कमी होती है। बिच्छू बूटी में एंटी-अस्थेमेटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो अस्थमा रोगियों की परेशानियों को कम करते हैं। लेकिन अस्थमा रोगियों को इसका इस्तेमाल बिना हर्बल एक्सपर्ट की सलाह के नहीं करना चाहिए वर्ना इसके नुकसान भी हो सकते हैं। चूंकि यह शरीर से अच्छी तरह से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सक्षम है। इसलिए इसका इस्तेमाल डिटॉक्सीफिकेशन के तौर पर भी होता है। इसके इस्तेमाल से हमारी पाचन क्षमता बेहतर होती है। स्वास्थ्य रक्षा प्रणाली मजबूत बनती है।

**हार्ट बनाए हेल्दीः** बिच्छू बूटी का इस्तेमाल हृदय के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा रहता है, विशेष रूप से अगर बिच्छू बूटी की बनी चाय का नियमित सेवन किया जाए। क्योंकि इसके सेवन से लोवर सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम सही रहता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है। किडनी और पित्ताशय की थैली सुरक्षित रहती है। मांसपेशियों के दर्द में यह कारगर है। लेकिन इसका सेवन किसी भी रूप में करने से पहले अपनी स्वास्थ्य दशा बताकर आयुर्वेद विशेषज्ञ या किसी अनुभवी वैद्य से सलाह अवश्य करें। *



*प्रत्येक थाने में साइबर डेस्क, हर जिले में साइबर थाना और राज्य स्तर पर किए जाएंगे कॉल सेंटर स्थापित*

# नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करें, संदिग्ध हुक्का बार एवं नाइट क्लब पर बढ़ाएं निगरानी एआई के दुरुपयोग व साइबर क्राइम के खतरे से समाज को बचाने रहें तैयार: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दुरूपयोग और सायबर क्राइम के खतरे से समाज को बचाने के लिए मप्र पुलिस को फ्यूचर रेडी होना होगा। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी की अद्यतन तकनीकों का उपयोग करते हुए प्रत्येक थाने में सायबर डेस्क, हर जिले में सायबर थाना और राज्य स्तर पर कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। सायबर फ्रॉड और क्राइम से लोगों को बचाने के लिए सघन जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मंत्रालय में हुई गृह विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना उपस्थित थे।

**सीएम ने की गृह विभाग की समीक्षा**

*वन्य पशुओं की गतिविधियों के संबंध में वन विभाग से सम्पर्क में रहें पुलिस कर्मी*



### भ्रामक, गलत खबर फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, सोशल मीडिया पर चलने वाली गतिविधियों और मैसेज आदि पर निगरानी रखें तथा भ्रामक, गलत खबर फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई करें। कानून-व्यवस्था के साथ अन्य भ्रामक खबरों के बारे में संबंधित विभाग को तथ्यों की जांच करने के लिए अवगत कराया जाए, जिससे वस्तुस्थिति की पुष्टि करते हुए सही जानकारी का सोशल मीडिया पर तत्काल प्रसार सुनिश्चित किया जा सके।

डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा...

### गो-तस्करों पर कठोर कार्रवाई की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सघन मॉनिटरिंग की जाए। थानावार नशे से संबंधित गतिविधियों वाले संभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई करें। संदिग्ध हुक्काबार, नाइट क्लब आदि पर भी निगरानी बढ़ाई जाए। नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए गिरोहों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। गो-तस्करों पर कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास करने और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### नवीन क्रिमिनल कोड के संबंध में जागरुकता और जांच तेज करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन क्रिमिनल कोड के संबंध में जागरूकता के लिए मैदानी स्तर तक सघन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। नवीन व्यवस्था अनुसार प्रत्येक प्रकरण की जांच और चालान प्रस्तुत करने आवश्यकतानुसार पेन ड्राइव, टेबलेट इत्यादि पुलिस स्टाफ को उपलब्ध कराने विभागीय स्तर पर बजट प्रावधान किया जाए।

### *मार्च 2026 तक नक्सल गतिविधियों को पूर्णतः समाप्त करें: डॉ. यादव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल विरोधी अभियान संबंधी बैठक में मार्च-2026 तक नक्सल गतिविधियों को पूर्णतः समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश के संभावित नक्सल क्षेत्र में सघन ऑपरेशन चलाया जाए। इसके लिए निश्चित समय सीमा में हॉक-फोर्स की भर्ती की जाए। जिन जिलों में वन्य पशुओं की गतिविधियों से जन जीवन प्रभावित होने या जन हानि होने की संभावना है वहां वन विभाग से समन्वय और सूचनाओं का आदान-प्रदान करें।*

---

*254 नए उर्वरक विक्रय केंद्रों की स्थापना की स्वीकृति*

## नवीन मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों की भर्ती की आयु सीमा बढ़ाकर की गई 50 वर्ष

# सिविल सेवाओं में महिलाओं को अब मिलेगा 35% आरक्षण, पहले मिलता था 33 प्रतिशत रिजर्वेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब सिविल सेवा में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। अभी तक यह 33 फीसदी ही था। इस निर्णय से हजारों की संख्या में महिलाओं को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत डॉक्टरों की भर्ती की आयु सीमा 10 वर्ष बढ़ा दी गई है। अब 50 वर्ष की उम्र तक नियुक्ति हो सकेगी। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इस बैठक में कुल 10 प्रस्ताओं को मंजूरी दी गई। मप्र कैबिनेट ने मप्र सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 में मुख्यमंत्री के आदेश 13 सितंबर 2023 एवं इसके परिपालन में विभाग की ओर से जारी अधिसूचना 3 अक्टूबर 2023 का अनुसमर्थन किया गया। इस निर्णय से महिला आरक्षण 35 प्रतिशत होगा। इसी तरह कैबिनेट ने वर्ष 2024-25 में (खरीफ एवं रबी सीजन में) 254 नए उर्वरक विक्रय केन्द्र स्थापित करने पर मानव संसाधन पर होने वाली संभावित व्यय की वास्तविक राशि अधिकतम एक करोड़ 72 लाख रुपए की सीमा तक की प्रतिपूर्ति राज्य शासन की ओर से किए जाने का निर्णय लिया गया।

*डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक*

*कैबिनेट बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई*



### सह चिकित्सीय पाठ्क्रमों की मान्यता

मप्र सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 को निरस्त करने की कार्रवाई को लंबित रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं आगामी सत्रों की मान्यता प्रक्रिया, सह-चिकित्सीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर्मियों के पंजीयन एवं सर्टिफिकेट पाठ्क्रमों की परीक्षाओं का आयोजन पूर्व में प्रचलित मप्र सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 अंतर्गत प्रचलित नियमों के अनुसार, पूर्व में विघटित मप्र सह चिकित्सीय परिषद को पुनर्जीवित करते हुए, पूर्ण किए जाने तथा राष्ट्रीय आयोग से अधिनियम अंतर्गत प्रावधानित विनियम (रेगुलेशन) जारी होने के बाद मप्र अलाइड एण्ड हेल्थ केयर कौंसिल से स्वशासी बोड्र्स के गठन होने पर पुनर्जीवित मप्र सह चिकित्सीय परिषद स्वतः समाप्त हो जाएगी। अधिनियम 2000 को निरस्त करने की कार्रवाई की जाने की स्वीकृति दी गई है।

### आयु सीमा में बढ़ोतरी का लिया निर्णय

कैबिनेट ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉक्टर शिक्षकों की कमी को देखते हुए सरकार ने आयु सीमा में 10 वर्षों की बढ़ोतरी कर दी।

**3 करोड़ 68 लाख रुपए होंगे खर्च**

कैबिनेट ने भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय की ओर से लागू की गई केन्द्र प्रवर्तित परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के पंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय के कम्प्यूटराईजेशन के लिए परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इस पर 3 करोड़ 68 लाख रुपए व्यय आएगा, जिसकी 60 प्रतिशत राशि केन्द्र एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन की ओर से वहन की जाएगी।

## उज्जैन में 12 दिसंबर को उप राष्ट्रपति धनखड़ करेंगे अभा कालिदास समारोह का शुभारंभ

**हाथियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा**

*◆उमरिया-बांधवगढ़ क्षेत्र में बसे हाथियों पर केंद्रित पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा*

*◆नर्मदापुरम में सात दिसंबर को होगी अगली रीजनल इंडस्ट्री समिट*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के प्रयास के रूप में राज्य शासन की ओर से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करते इस नवाचार की सभी ओर सराहना हुई। गो-वंश के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करने वाले इस पर्व से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उत्साहवर्धक रही है। उद्योगपतियों और निवेशको नें प्रदेश में गतिविधियों के संचालन में रुचि प्रदर्शित की है। रीवा में 31 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए और लगभग 28 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। उन्होंने बताया कि अगली रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में होगी।

### अंशकालीन कर्मचारियों का धरना 24 को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में अंशकालीन कर्मचारी का धरना 24 नवंबर को आंबेडकर जयंती मैदान में होगा। मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय कर्मचारी मंच के नेतृत्व में अंशकालीन कर्मचारी की बैठक में लिया गया। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि 20 वर्ष नौकरी करने के बाद भी अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है।

### स्थाई कर्मियों के वेतन बढ़ने पर लगी रोक

**भोपाल।** सरकार द्वारा स्थाई कर्मियों के वेतनमान निश्चित करने के कारण स्थाई कर्मियों के वेतन बढ़ोतरी में रोक लग गई है। जिस कारण स्थाई कर्मियों को एक निश्चित वेतन ही मिल पा रहा है। वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल रहा है। मप्र कर्मचारी मंच ने वित्त मंत्री को पत्र सौंप कर स्थाई कर्मियों के वेतनमान में वृद्धि करने की मांग की है।

---

## आरोपी ने भागने का किया प्रयास, गिरफ्तार

बोड़ला थाना के रग्घुपारा का मामला

# संपत्ति के विवाद में भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में फिर से हत्या का मामला सामने आया है। बंटवारे के पैसे मांगने के दौरान हुए विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। मामला बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम रग्घुपारा का है। जहां बोड़ला थाना प्रभारी टीआई राजेश चंड ने बताया कि इस मामले में प्रार्थी काशीराम मेरावी निवासी ग्राम रग्घुपारा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि उसके दो पुत्र, गोपाल मेरावी व भागबली मेरावी के बीच जमीन के मुआवजा के बंटवारे को लेकर लंबे समय से मतभेद था। गोपाल अपने छोटे भाई भागबली से बंटवारे के रुपए मांगने के लिए घर आया। इसी दौरान दोनों के बीच बहस हुई, जो हिंसक संघर्ष में बदल गया। आवेश में आकर भागबली ने पास में रखी लोहे की कुदाली से गोपाल के सिर पर प्राणघातक प्रहार किया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद भागबली मेरावी मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने चारों ओर से घेरकर पकड़ लिया।




## पोते ने दादी को क्रिकेट बैट से पीटा, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पोते ने अपने दादी को क्रिकेट बैट से जमकर पिटाई कर दी। साथ ही चप्पल और लात-घूंसे से भी चलाया। गुस्साए पोता ने एक बार नहीं बल्कि बार-बार वार करता रहा। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अश्वनी नगर इलाके का है। कॉलोनी में रहने वाली गंगा बाई देवांगन के पोते विशाल ने अपने ही दादी को बेरहमी से पीट दिया। दरअसल, विशाल की मां और उसके दादी के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान युवक की दादी घर के बाहर बैठ गई। वहीं गुस्साए पोता ने क्रिकेट बैट पकड़कर हमला कर दिया, इससे महिला को गहरी चोट आई है।

**विधानसभा अध्यक्ष ने विजयपुर में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं की**

# जनता के कल्याण के लिए कार्य करती है भाजपा: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के आधा दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि विजयपुर से भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत विकास की गाड़ी में सवार हैं और भाजपा जनता के कल्याण के लिए कार्य करती है। जनता कांग्रेस के लूटपाट एक्सप्रेस के झांसे में न आए। क्षेत्र के विकास के लिए ही रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हुए हैं।



हरियाणा सरकार

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस
7 नवम्बर, 2024
कैंसर का इलाज संभव है, यदि इसका जल्दी पता लग जाए और समय पर उपचार किया जाए



निम्न सरल लेकिन महत्वपूर्ण नियमों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं
स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाएं | नियमित शारीरिक गतिविधि करें | तम्बाकू के सेवन से बचें | शराब के सेवन से दूर रहें

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देता है, तो नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान पर जाएं
बिना कारण वजन का घटना व भूख कम लगना
मुंह के छालों का ठीक न होना
निगलने में कठिनाई
स्तन में गांठ या सूजन होना
योनि से स्राव या रक्तस्राव (अंतर–मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति के बाद)
आंत की आदतों में बदलाव

सरकार की पहल
कैंसर रोगियों को उपचार और अनुवर्ती उद्देश्य के लिए हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में एक सहायक के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा
जरूरतमंद मरीजों को व्यापक कैंसर देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए सिविल अस्पताल अंबाला कैंट में अटल कैंसर देखभाल केंद्र की स्थापना
कैंसर चरण III और IV के रोगियों के लिए वित्तीय सहायता जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये से कम है।

आइए, कैंसर को हराने के लिए राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर एक साथ खड़े होकर, जागरूकता बढ़ाएं और बदलाव लाएं

स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
www.nhmharyana.gov.in
डायल करो 108 / 112 एम्बुलेंस की सेवा लो
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# अनुच्छेद 370 की वापसी से क्या दिखाना चाहते हैं उमर अब्दुल्ला

जिसका डर था वही हुआ। जम्मू-कश्मीर की नई नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने विधानसभा में राज्य के स्पेशल स्टेटस अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया। जिस पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और सीपीआई (एम) के सदस्यों ने भी ध्वनिमत के दौरान प्रस्ताव का समर्थन कर दिया। प्रस्ताव पारित होने के बाद सत्तारूढ़ एनसी ने कहा कि उसने अपने घोषणापत्र के वादों में से एक को पूरा किया है। हालांकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे। असल में 5 अगस्त 2019 से ही नेशनल कांफ्रेंस समेत अनेक राजनीति दल धारा 370 को हटाए जाने का विरोध कर रहे थे। जबकि सरकार का कहना था कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में विकास और सुरक्षा के रास्ते में बाधक बन रहा था। कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए यह फैसला लेना जरूरी था। सरकार की मानें तो अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ रहा था और राज्य के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने में मुश्किलें आ रही थी। यह 370 का ही प्रभाव था कि बाकी राज्यों से अलग जम्मू-कश्मीर के लिए संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन किसी अन्य विषय से सम्बन्धित क़ानून को लागू करवाने के लिए केन्द्र को राज्य सरकार का अनुमोदन चाहिए होता था। वहीं यहां संविधान की धारा 356 लागू नहीं होती। इस कारण राष्ट्रपति के पास इस राज्य को लेकर कोई अधिकार नहीं रह गया था। संविधान की धारा 360 जिसके अन्तर्गत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है, वह भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था। इस विशेष अधिकार के चलते ही देश के अन्य राज्य का कोई नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकता था। सरकार को लगता था कि ऐसा होने के कारण देश का यह उतरी राज्य विकास की गति में पिछड़ रहा है। इसके अलावा आतंकवाद की जड़ में भी यही विशेष अधिकार है। रोजगार के साधन न बढ़ पाने के कारण प्रदेश के युवा देश विरोधी तत्वों के बहकावे में आ रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते 5 अगस्त 2019 को संसद ने धारा 370 और ए 35 को खत्म करने का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद सरकार के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी। सरकार के इस फैसले का असर भी हुआ। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद कश्मीर पहले से काफी बदल चुका है। कश्मीर में अब अमन-शांति है। सेना पर पत्थरबाजी की घटना इतिहास के पन्नों में दफन हो गई है। बाहरी लोगों के लिए जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदना आसान हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वहीं अनुच्छेद 370 के समर्थकों का कहना है कि यह कश्मीर की स्वायत्तता की रक्षा करता था और राज्य के विशेष दर्जे को बनाए रखने में मदद करता था। अनुच्छेद 370 के हटने से केंद्र सरकार का हस्तक्षेप बढ़ गया है। इसे नेशनल कांफ्रेंस ने चुनावी मुद्दा बनाया और सफलता मिलने के बाद विधानसभा में प्रस्ताव भी पास कर दिया। प्रश्न यह उठता है कि क्या सत्ता पाने के लिए किसी राज्य को देश से अलग करने वाले अनुच्छेद को वापस लाना जरूरी है। वैसे तो केंद्र की सहमति के बिना ऐसा हो पाना संभव नहीं है फिर भी उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक बार फिर दफन हो चुके अलगाव के बीज को कुरेद तो दिया ही है। राजनीतिक दलों को ऐसे वादों से दूर रहना चाहिए जो देश की अखंडता के लिए खतरा हों।



## अमेरिकी चुनाव
विकेश कुमार बडोला

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है।

# एक सदी में पुनर्निर्वाचित प्रथम व्यक्ति ट्रंप

पांच नवंबर को 119वीं कांग्रेस के गठन के लिए अमेरिका में चुनाव संपन्न हुआ और छह नवंबर को घोषित चुनाव परिणाम में रिपब्लिकन प्रत्याशी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विजयी हुए। अमेरिका में गत एक सदी में यह पहली बार होगा कि कोई दूसरी बार राष्ट्रपति बनने जा रहा है। यदि वैश्विक दृष्टिकोण से आकलन किया जाए तो रिपब्लिकन पार्टी का सत्तारूढ़ होना अधिक उपयोगी है। ट्रंप पर 2016 में रिपब्लिकन के राष्ट्रपति नामांकित होने से लेकर अब तक जितने भी आरोपण, दोषारोपण और अन्य लांछन लगे वे सभी विरोधियों की राजनीति से दुष्प्रेरित थे। किंतु अब वे पुनः राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका कार्यकारी संतुलन प्रशंसनीय है। आशा है कि दोनों नेता अमेरिका-भारत के संबंधों को तो प्रगाढ़ व सुदृढ़ करेंगे ही, साथ ही विश्व में शांति की स्थापना हेतु भी एकीकृत दिशादृष्टि साधकर कार्य करेंगे।

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है। मतदान की समयावधि में ही अमेरिकी कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपने एक वक्तव्य द्वारा अमेरिकी लोकतंत्र और चुनाव की पारदर्शिता व उपयुक्तता के बारे में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिये थे। उनके अनुसार, यदि रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप चुनाव में विजयी नहीं हुए तो यह अमेरिका का अंतिम चुनाव होगा। एलन मस्क साधारण व्यक्ति नहीं हैं। हताशा-निराशा से युक्त उनका यह कथन अमेरिकी लोकतांत्रिक शासन पद्धति में डेमोक्रेटिक दल की अनुचित तथा अमेरिका व विश्वविरोधी शासकीय-प्रशासकीय क्रियाकलापों की ओर ही संकेत करता है। इससे ज्ञात होता है कि डेमोक्रेट्स की दलगत नीतियां वास्तव में अमेरिकियों और अमेरिका के व्यापक हित में न होकर अपने नेताओं के अस्त्रों के व्यापार-व्यवसाय के लिए दुनिया को युद्धक्षेत्र में बदलने पर अधिक केंद्रित रही हैं। यदि ऐसा न होता तो 2020 में सत्तारूढ़ होते ही डेमोक्रेटिक नेताओं ने दुनिया के विभिन्न देशों और भूभागों को परस्पर युद्ध में लिप्त करने की कूटनीतियां न बनाई होतीं। इनका दुष्परिणाम, एक ओर रूस और यूक्रेन के मध्य तो दूसरी ओर इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य दो-ढाई वर्षों से निरंतर हो रहे युद्धों के रूप में सम्मुख है। इतना ही नहीं दुनिया में डीप स्टेट अर्थात गुप्त क्रूर शासकों द्वारा जो भी विद्रोहजन्य, विध्वंशजनित एवं हिंसाजन्य हस्तक्षेप किया जाता रहा है वह डेमोक्रेट्स जैसे शासकों के साथ मिलकर ही किया जाता रहा है।

डेमोक्रेटिक की विगत चार वर्षीय शासनगत गतिविधियों की तुलना यदि रिपब्लिकन के 2016-2020



के कार्यकाल से करें तो तुलनापरक अध्ययन में आश्चर्यचकित करनेवाले अंतर दिखाई देंगे। संपूर्ण विश्व में राजनीतिक, कूटनीतिक, सामरिक और व्यापारिक संतुलन बनाये रखने के विषय में ट्रंप का शासनकाल अत्यधिक उपयोगी रहा था। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में चार वर्षों से भी कम समयावधि में विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका की ओर से अनेक सार्थक एवं महत्त्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अराजकता व आतंकग्रस्तता के नियंत्रण में सैन्यव्यस्त अपनी सेना को वहां से वापस बुलाने का निर्णय लिया, जो अमेरिकी सैन्यकर्मियों के लिए बड़ा राहत भरा निर्णय था। उनके द्वारा उत्तर कोरियाई शासक किंग जोंग उन के नाभिकीय-आण्विक अस्त्रों के अवैध व घातक परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने की दृष्टि से उसके साथ दो-दो शांतिवार्तायें करना अप्रत्याशित घटनायें थीं। चीन के साथ चहुंदिश पारस्परिक संबंधों के शक्तिबंधन के लिए उनका चीन की आधिकारिक यात्रा करना भी तात्कालिक वैश्विक परिदृश्य में अद्वितीय कार्य था। अमेरिका और भारत में अनेक अवसरों पर द्विपक्षीय संबंधों को सच्चे अर्थों में प्रगाढ़ करने हेतु पारंपरिक लोकतांत्रिक औपचारिकताओं से पृथक नवोत्साही व ऊर्जस्वित होकर पारस्परिक और वैश्विक विषयों पर सार्थक वार्ता करना भी ट्रंप के विशिष्ट निर्णयों में से एक था। उन्होंने उसी इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य शांति वार्ता करने की युक्तियां भी कीं, जो गत दो-ढाई वर्षों से पारस्परिक युद्ध में खपे हुए हैं। उन्होंने अरब क्षेत्र के ममुस्लिम देशों और मध्यपूर्वी दूसरे मुस्लिम देशों के मध्य भी शांति स्थापनार्थ अनेक नवीन नीतियों का क्रियान्वयन किया, जिसके प्रभाव में वैश्विक स्तर पर किन्हीं दो देशों के मध्य संभावित युद्ध होने की आशंकायें समाप्त होती गईं।

हालांकि, अमेरिका और विश्व में स्थित ट्रंप के विरोधियों को दुनिया की इन उपलब्धियों को स्वीकार करने में अत्यंत कष्ट हो रहा था। वास्तव में, विराधियों के भेष में अमेरिका से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैले हुए ऐसे चरमपंथियों, वामपंथियों और मानवता के शत्रुओं को ट्रंप की शांति योजनायें, अशांति फैलाकर धन-संसाधन अर्जित करने के अपने-अपने अभियानों में बड़ा रोड़ा प्रतीत हो रही थीं उन्हें ट्रंप के राष्ट्रपति रहते-रहते अमेरिका के नेतृत्व में निरस्त्रीकरण की एक आचरण सम्मत पहल होती दिखने लगी थी, जो उनके अस्त्र निर्माण उद्योगों के समक्ष अप्रत्याशित चुनौती बन गई थी। आज अमेरिका सहित विश्व के लोकतांत्रिक देशों में जो भी लोकतंत्र विरोधी गतिविधियां हैं- चाहे वे आतंकवाद, अस्त्रीकरण, अलगाववाद, अवैध व्यापार, मादक पदार्थों के अवैध गुप्त धंधों, देशों की भौगोलिक सीमाओं के अनुचित अतिक्रमण के रूप में हों- सभी पर अपेक्षित कार्यकारी क्षमताओं के साथ प्रभावी प्रतिबंध लगाने में ट्रंप ने श्रेष्ठ भूमिका निभायी थी। इसीलिये वे अमेरिका सहित विश्व के बड़े-बड़े माफियाओं (डीप स्टेट्स) को बुरी तरह खटक रहे थे और अंततः अमेरिका स्थित उनके राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर माफियाओं ने उन्हें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक पराजित करवाने में कोई अवसर नहीं गंवाया। ट्रंप पराजित हुए और जो. बाइडेन राष्ट्रपति बन गये, जो अस्त्र निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए वरदान सिद्ध हुए, क्योंकि कोरोना महामारी के सिमटने के बाद इन निर्माताओं और उद्योगपतियों के अस्त्र इजरायल-फिलीस्तीन तथा रूस-यूक्रेन के उन युद्धों में काम आ रहे हैं जो षड्यंत्रपूर्वक अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने ही नियोजित किए हैं। अमेरिका में चुनाव के प्राथमिक और जनरुचि के विषयों में अमेरिकी नागरिक होने की स्वायत्तता, राष्ट्र की स्वायत्तता की सुरक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मूल अमेरिकियों के हितों के दृष्टिगत संरक्षा जैसे विषय सम्मिलित थे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी




# ट्रंप के सामने अर्थव्यवस्था सुधारने की होगी चुनौती

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे प्राचीन लोकतंत्र अर्थात संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर अब रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 131 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति ने एक बार चुनाव हारने के बाद फिर से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 1893 में ग्रोवर क्लीक्लैंड ऐसे पूर्व राष्ट्रपति थे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप को जानने वालों का कहना है कि ट्रंप जीतने के लिए ही मैदान में उतरे थे और अतंतः वे जीते भी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में जब वे चुनाव मैदान में उतरे थे तो बहुत कम लोगों को यह अनुमान था कि वे बाइडन की पार्टी को सत्ता से रुखसत करने में सफल हो सकेंगे। अर्थव्यवस्था में सुधार का वादा, आव्रजन नीति, यूक्रेन युद्ध, इजरायल संघर्ष, ट्रेडवॉर आदि मुद्दों ने ट्रंप के लिए बढ़त का काम किया। अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर 'स्विंग स्टेटस' के मतदाताओं ने ट्रंप पर भरोसा जताया और खुलकर उनके पक्ष में वोट दिए। हालांकि, कमला ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया था। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य भी इस दफा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाताओं का मानना था कि ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकते हैं। लेकिन तमाम धारणाओं के बावजूद ट्रंप दूसरी दफा व्हाइट पहुंचने में सफल रहे। चुनाव में धर्म की एंट्री भी हुई। ट्रंप ने बडी चतुराई से बांग्लादेश का मुद्दा उठाकार भारतीय वोटरों को साधने की कोशिश की। हिन्दू हितों वाला उनका बयान काफी असरकार सिद्ध हुआ। चुनाव में ट्रंप का यह सबसे बड़ा सियासी दांव साबित हुआ। हालांकि, कमला ने भी भारतीय मूल के लोगों को लुभाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अप्रवासियों के लिए आसान नीतियां बनाने, भारतीय कामगारों और विद्यार्थियों के लिए अमरीकी दरवाजे खोलने व वीजा नियमों को आसान बनाने का वादा किया। सवाल यह है कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद दुनिया के प्रति अमेरिका का नजरिया क्या रहेगा। जिस बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात दुनिया के अलग-अलग कोनों में की जा रही है, क्या उसके स्वरूप में कोई बदलाव आएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों द्वारा स्थापित परंपरा पर ही आगे बढ़ते हुए दिखें। सवाल भारत को लेकर भी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रंप की बेहतर कैमिस्ट्री है। वह अक्सर मोदी के साथ अपनी मित्रता की चर्चा करते हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान भी भारत-अमेरिकी संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। पर ध्यान रहे कि अमेरिका दुनिया की महाशक्ति है। वह हमेशा अपने राष्ट्रहितों को ध्यान में रखता है। ऐसे में भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। हिंद प्रशांत और उसके बाहर चीन के सैन्य और आर्थिक विस्तार को रोकना अमेरिका का घोषित लक्ष्य है। ट्रंप भारत को तभी तक महत्व देंगे, जब तक उन्हें लगता है कि एशिया में चीन को काउंटर करने के लिए भारत एक 'बड़ी जरूरत' साबित हो सकता है। इसलिए जब तक चीन के साथ अमेरिकी प्रतिस्पर्धा रहेगी, तब तक ट्रंप ही नहीं कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के साथ संबंध कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा, लेकिन ट्रंप की व्यापार संतुलन व आव्रजन की नीति भारत को परेशान कर सकती है। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए ट्रंप ऐसी व्यापार नीतियों को लागू करना चाहेंगे जो साफतौर पर अमेरिका केंद्रित होगी। वे भारत पर व्यापार बाधाओं को कम करने और टैरिफ का सामना करने का दबाव डाल सकते हैं। ऐसे में भारत का आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल क्षेत्र का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। आयात शुल्क के मामले में वह भारत को दोहन करने वाला राष्ट्र बता चुके हैं। 2023-24 में भारत ने अमेरिका से 42.2 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात किया था। वहीं, भारत ने अमेरिका में तकरीबन 77.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। इसको लेकर ट्रंप ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो इस स्थिति को बदलेंगे और भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने को लेकर दबाव बनाएंगे। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी व्यापार और करों को लेकर भारत-अमेरिकी संबंधों में टकराव की स्थिति बनी थी। सच तो यह है कि आज भारत-अमेरिकी रिश्ते जिस मुकाम पर हैं, वहां राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत पसंद या नापसंद कोई मायने नहीं रखती है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी भारत-अमेरिकी संबंधों को नकारना आसान नहीं होगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
## प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी को बढ़ावा देशहित में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं, जोकि देश के कारोबारियों के लिए भी अच्छे दिनों के लिए शुभ संकेत है। मेक इन इंडिया सरकार की बहुत अच्छी पहल है। हमारा देश कभी सोने की चिड़िया होता था, लेकिन पहले इसे मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने देश की धन-संपत्ति को विदेशों में ले गए। हमारे विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढाने की बात कहते हैं। इससे यह उम्मीद की किरण नजर आई कि हमारे देश में इससे विदेशी मुद्रा आएगी, जो देश की आर्थिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि हमारे देश के उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं। *- जगदीश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मेधावी छात्रों के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करते हुए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से 22 लाख से अधिक छात्रों को अब शीर्ष संस्थानों के लिए संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त शिक्षा ऋण तक पहुंच प्राप्त होगी।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### गायिका शारदा को नमन



अपनी मधुर आवाज के लिए प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन की ख़बर बेहद दु:खद है। छठ के त्योहार में हर ओर गूंजते उनके गीत श्रद्धालुओं और श्रोताओं को उनकी सदा याद दिलाते रहेंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### प्रगतिशील नीति



यह समय परमाणु ऊर्जा का है। हमें हर समय स्वच्छ ऊर्जा के लिए इसकी आवश्यकता है। भारत एक प्रगतिशील नीति की घोषणा कर सकता है जो निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति


### न्यूकमर की एक्साइटमेंट



40 साल फिल्मों में काम करने के बाद भी अगर एक्साइटमेंट एक न्यूकमर की हो तो इसका मतलब है आपके अंदर का छोटे शहर का लड़का अभी ज़िंदा है। मज़ा आ गया जुहू बीच पर अपनी आने वाली फिल्म विजय 69 का बड़ा बैनर देखकर।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर


# लाहौर में वायु प्रदूषण से हजारों लोग बीमार पड़े



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोगों को अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया तो पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यह चेतावनी तब दी गई जब लोग बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमते नजर आए। डॉक्टरों ने कहा है कि ज्यादातर लोगों को खांसी तथा आंखों में जलन की शिकायत है। पाक मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलमान काज़मी ने कहा, "पिछले एक हफ्ते में श्वास संबंधी परेशानी से जूझ रहे हजारों लोगों का अस्पतालों और क्लीनिक में इलाज किया गया। उन्होंने कहा, आप लोगों को खांसते देख सकते हैं, लेकिन फिर भी वे मास्क नहीं लगाते हैं। बुधवार सुबह लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक 1,100 के आंकड़े को पार कर गया। 300 से ज्यादा वायु गुणवत्ता सूचकांक सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। जहरीले 'स्मोग' ने पिछले महीने से शहर को अपनी चपेट में लिया हुआ है। पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरयम औरंगजेब ने शहर में पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है।

## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# अदालत ने जनहित याचिका खारिज की: लोग ऐसे जहरीले पानी में नहाने से 'बीमार' पड़ जाएंगे

## यमुना किनारे छठ पूजा की इजाजत देने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना नदी में छठ पूजा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने यमुना घाट के किनारे छठ पूजा करने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी जिसमें यमुना नदी के तट पर उत्सव मनाने पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा करने की जगह अन्य घाटों और निर्धारित स्थानों पर पूजा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि यह प्रतिबंध संभवतः यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लगाया गया है और चेतावनी दी कि ऐसे जहरीले पानी में नहाने से लोग बीमार पड़ सकते हैं।

### 1000 स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था

दिल्ली में सरकार की तरफ से बनवाए गए 1000 से अधिक घाट पर टेंट, लाइट्स, साफ़-सफ़ाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम किया गया है। कोर्ट ने कहा कि अन्य घाट और निर्दिष्ट क्षेत्र हैं, जहां लोग सुरक्षित रूप से पूजा कर सकते हैं। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें।



### मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने स्वास्थ्य समस्या का किया जिक्र

दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को नदी में पूजा करने की अनुमति देने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने हाल ही में एक मामले का हवाला दिया जिसमें एक व्यक्ति प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के बाद बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यमुना में जहरीला पानी

बेंच ने कहा कि यह आपके लिए बहुत हानिकारक होगा। हकीकत यह है कि नदी इतनी प्रदूषित है कि अगर आप उसमें डुबकी लगाते हैं, तो संभावना है कि आपको नुकसान होगा. हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। नदी खुद बहुत प्रदूषित है। कोर्ट ने कहा कि यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण ही यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### कालिंदी कुंज के पास लोग परेशान

मंगलवार को पारंपरिक 'नहाय-खाय' के साथ चार दिवसीय छठ उत्सव शुरू होते ही दिल्ली में कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी के किनारे एक परेशान करने वाला नजारा दिखा। हाल ही में श्रद्धालु सूर्य देव को समर्पित इस त्योहार के अभिन्न अंग, पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे। हालांकि, उनकी भक्ति पर उस समय पानी फिर गया जब उन्होंने नदी की सतह पर जहरीले झाग को तैरते देखा।

## शरद और अजित पवार की एनसीपी को सुप्रीम कोर्ट ने दी नसीहत

# अदालतों में समय बर्बाद न करें, जमीन पर जाएं व वोट मांगें, अजित 36 घंटे में अखबारों में 'डिस्क्लेमर' भी दें

### प्रकाशित करें- एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिन्ह आवंटित करने का मामला अदालत में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में जारी विधानसभा चुनाव की सगर्मियों के बीच शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के राजनीतिक दलों- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को नसीहत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि चुनावी माहौल के बीच अदालतों में अपना समय बर्बाद न करें। अदालत ने दोनों दलों से कहा कि जमीन पर जाएं और मतदाताओं को अपनी नीतियों से प्रभावित कर उनके वोट मांगें। उच्चतम न्यायालय ने अजित की अगुवाई वाली राकांपा को 36 घंटे के भीतर अखबारों में यह 'डिस्क्लेमर' जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने साफ किया कि एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन है, यह सूचना स्पष्ट रूप से प्रकाशित करानी होगी।



### देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा का समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में एमवीए सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। एनसीपी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल एनडीए की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत की अगुवाई वाली एनसीपीके 40 विधायक हैं। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। सीएम शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है। इस बीच महायुति मने फिर से सरकार बनाने का पूरा जोर लगा दिया है।

### महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों के लिए सुविधाओं की लगाई बौछार

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति और एमवीए के बीच एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जबर्दस्त जोर आजमाइश चल रही है। इस बीच एमवीए के चुनाव घोषणा पत्र से पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने बड़ा सियासी खेल कर दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों से कई लोक लुभावन वादे कर डाले हैं जो एमवीए की मुसीबत बढ़ाने वाले साबित होंगे। कोल्हापुर में पहली साझा चुनावी रैली के दौरान उन्होंने वादों की झड़ी लगा दी। उन्होंने महिलाओं,बुजुर्गों और किसानों का समर्थन हासिल करने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं।



#### सभी वर्गों को देंगे सुविधाएं

एमवीए के चुनाव घोषणा पत्र से पहले शिंदे की ओर से की गई इन घोषणाओं को बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। महायुति ने महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और युवाओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है। लड़की बहन योजना के संबंध में मुख्यमंत्री शिंदे ने बड़ा ऐलान किया है। राज्य की महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

#### लाडकी बहिन योजना में राशि बढ़ाकर 2,100 रुपए करेंगे: अजित पवार

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की एनसीपी ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। लाडकी बहिन योजना की मासिक वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपए करने का वादा किया है। अजित ने बारामती में और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मुंबई में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गोंदिया में और उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्रों में घोषणा पत्र जारी किए। **घोषणा पत्र में किए गए वादे:** पार्टी के घोषणा पत्र में 11 वादे किए गए हैं, जिनमें बुजुर्गों की पेंशन 2100 रुपए करने और सभी फसलों पर 20 फीसदी अतिरिक्त सब्सिडी का भी वादा किया है। चावल उगाने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपए का बोनस भी देंगे।

## सशक्त युवा विकसित भारत' विषय पर वॉकथॉन में लगभग एक हजार बच्चे लेंगे भाग: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत स्काउटस एवं गाइडस के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ केके.खंडेलवाल ने कहा कि गुरुवार को भारत स्काउटस एवं गाइडस के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिशा में हीरक जयंती वर्ष में नई दिल्ली में 'सशक्त युवा विकसित भारत' विषय पर एक भव्य वॉकथॉन को आयोजित किया जा रहा है। नई दिल्ली में 'सशक्त युवा विकसित भारत' विषय पर भव्य वॉकथॉन में लगभग एक हजार बच्चे भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि वॉकथॉन रन फॉर बीएसजी को गौरव गौतम, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी मामलों के राज्यमंत्री, हरियाणा सुबह 7.00 बजे (रिपोर्टिंग सुबह 5.45 बजे, इंडिया गेटइंडिया गेट से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह पीएम द्वारा प्रचारित मिशन लाइफ पहल का समर्थन करती है, जो स्थिरता, फिटनेस और युवा सशक्तिकरण पर केंद्रित है। देशभर से प्रतिभागी एकत्रित होंगे तथा बीएसजी राज्य, जिला और स्थानीय संघ देश भर में आंदोलन के लिए एकता को बढ़ावा देंगे।

## एमएसपी से कम भाव पर धान खरीदकर किसानों का शोषण कर रही है हरियाणा सरकार : कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदने का वायदा किया था पर आज उस वायदे पर अमल करना तो दूर धान समर्थन मूल्य से कम पर खरीदकर भाजपा सरकार किसानों का आर्थिक शोषण कर रही है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जरूरी है कि उसकी फसलों को उचित भाव दिया जाए और खाद, बीज, सिंचाई पानी समय पर उपलब्ध करवाया जाए।

सैलजा ने कहा कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था में धान का बड़ा महत्व है। खरीफ सीजन में हरियाणा में होने वाली कुल बुवाई का लगभग आधा (49 फीसदी) हिस्सा धान का होता है।


## खबर संक्षेप

### डोसा बनाया, चाय पी, बर्तन धोए व गहने-कैश किए पार



**गंजाम।** ओडिशा के गंजाम जिले के भंजनगर में चोरों ने एक अनोखी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने भंजनगर अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश के घर में घुसकर पहले डोसा बनाया और चाय पी। चोरों ने बर्तन भी धो दिए और उसके बाद कपड़ों के साथ-साथ सोने के गहने और कैश लेकर फरार हो गए। जज के घर पर चोरी की इस अनोखी घटना से सभी हैरान हैं।

### मारपीट मामले पर आप विधायक पर केस दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि बवाना विधानसभा में अवैध बूचड़खाने की जांच के लिए ड्यूटी पर तैनात एमसीडी अधिकारियों के साथ मारपीट और हमले के मामले में आप विधायक जय भगवान और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से एक बार फिर यह साबित हो गया है कि आप के विधायक कानून को अपने हाथों में लेने के आदी गुंडों का समूह हैं।

### केंद्र ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसान कल्याण के लिए उठाया कदम

## सीसीईए ने भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपए की इक्विटी डालने को दी मंजूरी

एफसीआई ने 100 करोड़ की पूंजी पर की थी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी के लिए 10,700 करोड़ रुपए की इक्विटी डालने को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और देश भर के किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना है। सीसीईए के अनुसार यह रणनीतिक कदम किसानों को समर्थन देने और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गौरतलब है कि एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्नों की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, कल्याणकारी उपायों के लिए खाद्यान्नों के वितरण और बाजार में खाद्यान्नों की कीमतों के स्थिरीकरण के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एफसीआई ने 1964 में 100 करोड़ रुपए की अधिकृत पूंजी और 4 करोड़ रुपये की इक्विटी के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। एफसीआई के संचालन में कई गुना वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप फरवरी, 2023 में अधिकृत पूंजी 11,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 21,000 करोड़ रुपए हो गई। वित्तीय वर्ष 2019-20 में एफसीआई की इक्विटी 4,496 करोड़ रुपए थी, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 10,157 करोड़ रुपए हो गई। अब, भारत सरकार ने एफसीआई के लिए 10,700 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण इक्विटी को मंजूरी दी है, जो इसे मजबूत करेगी। इक्विटी का निवेश एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि वह अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा कर सके। एफसीआई फंड की आवश्यकता से जुड़ी कमी को पूरा करने के लिए अल्पकालिक उधार का सहारा लेता है।

हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली में हादसा

### अचानक डीसीएम आने से बेकाबू होकर पलटा

## 10 लोगों की मौत और 5 घायल

एजेंसी ▶▶ हरदोई



जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 5 गंभीर घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इन लोगों में से 7लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया।

### सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण वितरण की समीक्षा की

## वित्तीय सेवा विभाग के सचिव नागराजू ने कृषि से जुड़े क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी), नाबार्ड और राज्य तथा केन्द्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति के साथ पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन जैसी कृषि-संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा की। राज्य सरकारों/केन्द्रशासित प्रदेशों तथा पशुपालन व डेयरी विभाग एवं मत्स्यपालन विभाग के प्रतिनिधियों ने भी इस चर्चा में भाग लिया।

नागराजू ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से आग्रह किया कि वे चालू वित्त वर्ष के दौरान संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने राज्य सरकारों से इन क्षेत्रों में ऋण प्रवाह में सुधार लाने के लिए बैंकों को सुविधा प्रदान करने पर बल दिया।

डीएफएस सचिव ने कृषि विकास को गति देने तथा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार क्षमता बढ़ाने में संबद्ध क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया तथा संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वितरण में क्षेत्रीय असमानता पर प्रकाश डाला। संबद्ध गतिविधियों में अपार संभावनाओं को देखते हुए सचिव नागराजू ने बैंकों को सभी क्षेत्रों में ऋण वितरण सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर मूल्यांकन करने तथा बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। डीएफएस सचिव ने नाबार्ड को मछली पालकों की पहचान करने तथा उन्हें केसीसी योजना का लाभ प्रदान करने में राज्य से जुड़े विभागों तथा एलडीएम के साथ समन्वय करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने संबद्ध क्षेत्र के लिए निर्बाध रूप से किफायती ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया और सभी हितधारकों से इस क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया।

हरियाणा सरकार
नेहरु युवा केन्द्र संगठन
Nehru Yuva Kendra Sangathan

जिला युवा महोत्सव-2024

18 से 19 नवम्बर, 2024 — फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरुग्राम, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, चरखी दादरी, सोनीपत तथा भिवानी जिलों में आयोजन।

21 से 22 नवम्बर, 2024 — अम्बाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, रोहतक, कैथल, हिसार, जीन्द, फतेहाबाद तथा सिरसा जिलों में आयोजन।

जिला स्तर पर 1100 रुपये से 21,000 रुपये तक के नकद पुरस्कार

जिला युवा महोत्सव का उद्देश्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना।

प्रतियोगिताएं:
1.समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी।
2. राज्य की लोक कला व लोक नृत्य पर प्रस्तुतियां।
Innovation in Science and Technology theme पर साइंस मेला/प्रतियोगिताएं।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 12-11-2024

शर्तें:
1. दिनांक 16 जनवरी, 2025 को 15 से 29 वर्ष की आयु।
2. प्रतियोगिता केवल हरियाणा के स्थाई वासियों के लिए।
3. निःशुल्क पंजीकरण।

इच्छुक युवा पंजीकरण व अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
जिला स्तर पर
प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
अथवा
जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र
अथवा
क्यू आर कोड स्कैन करें

आयोजक:
निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
(युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा)
एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन, हरियाणा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


**चैंपियंस लीग : चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर लिवरपूल**

# रियल मैड्रिड और सिटी की बड़ी हार डियाज़ की हैट्रिक से जीता लिवरपूल

एजेंसी ▸▸| मिलान

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज़ की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।



### रियल की शर्मनाक हार

पंद्रह बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए। अन्य मैचों में जर्मन फारवर्ड निकोलस कुह्न के दो गोल की मदद से सेल्टिक ने घरेलू मैदान पर लीपजिग को 3-1 से हराया जबकि युवेंटस ने लिली के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला।

### ग्योकेरेस के तीन गोल

फिल फोडेन ने चौथे मिनट में गोल करके मैनचेस्टर सिटी को शानदार शुरुआत दी, लेकिन स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस की हैट्रिक की मदद से स्पोर्टिंग ने जोरदार वापसी की। उसकी तरफ से एक अन्य गोल मैक्सिमिलियानो अराउजो ने किया। मैनचेस्टर सिटी को वापसी का मौका मिला लेकिन हालैंड का पेनल्टी पर लिया गया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया।



## रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए।

## मनदीप बने वर्ल्ड चैंपियन जीता डब्लूबीएफ खिताब




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है।

**■ पेशेवर कॅरियर में 12 मुकाबलों में 11वीं जीत**

ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कोनोर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की।

यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

**खबर संक्षेप**



### ऑस्ट्रेलिया की 3-1 से जीत निश्चित : पोंटिंग

**दुबई।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना 'सबसे बड़ी चुनौती' होगी। ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है।

### वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### अफ्रीका में युवाओं को मौका मिलने की उम्मीद



**मुंबई।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं।

## जलज 400 विकेट और 6000 रन बनाने वाले पहले रणजी क्रिकेटर

एजेंसी ▸▸| थुम्बा

घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट और 6000 रन की उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 37 वर्षीय स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने पिछले सप्ताह बंगाल के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर 6000 रन का आंकड़ा पार किया था।

उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 17 ओवर में 56 रन देकर पांच विकेट चटकाकर 400 विकेट का आंकड़ा पार किया। उनके इस प्रयास से केरल ने उत्तर प्रदेश को 60.2 ओवर में 162 रन पर समेट दिया। बासिल थम्पी ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। जवाब में केरल ने स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 82 रन



बना लिए जिससे वह उत्तर प्रदेश से 80 रन से पीछे है।

### अय्यर का नाबाद शतक मुंबई ने बनाए 385 रन

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर ने टीम में वापसी करते हुए नाबाद 152 रन की पारी खेली जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को यहां ओडिशा के खिलाफ तीन विकेट पर 385 रन बनाए। अय्यर को सिद्धेश लाड (नाबाद 116 रन) का अच्छा साथ मिला। मध्यक्रम के ये दोनों बल्लेबाज अब तक चौथे विकेट के लिए 231 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। भारतीय बल्लेबाज अय्यर 164 गेंद की अपनी पारी में अब तक 18 चौके और चार छक्के लगा चुके हैं। यह उनका लगातार दूसरा रणजी शतक है। उन्होंने अपने पिछले मैच में 142 रन बनाए थे। अय्यर और लाड 41वें ओवर में उस समय एक साथ आए जब बिपलब सामंत्रेय ने लगातार गेंदों पर सलामी बल्लेबाज अंगकृष्ण रघुवंशी (92 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (00) को आउट किया।

## किरण जॉर्ज की कोरिया मास्टर्स में शानदार जीत

एजेंसी ▸▸| इसकान सिटी

भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे और निर्णायक गेम में भी जीत की लय बरकरार रखते हुए एक घंटे से कम समय में मुकाबला अपने नाम किया।



## टेस्ट रैंकिंग : पंत 5 पायदान के उछाल से छठे स्थान पर

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं। यशस्वी जायसवाल एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए। केन विलियमसन दूसरे स्थान) के साथ न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी हैं।

इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं। भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे।



### जडेजा को पायदा, छठे स्थान पर पहुंचे

रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से होंगे 38वें राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा। भारतीय ओलंपिक संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे एक पत्र में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की इन तिथियों पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। संघ की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों के गठन की सूचना भी दी गई है। पिछले माह अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था और उन्होंने तभी आयोजन की प्रस्तावित तारीखों को सहर्ष अपनी स्वीकृति दे दी थी। अब राष्ट्रीय खेलों की तिथि का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल महाकुंभ के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है और इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।



## गॉफ जीतीं, सबालेंका शीर्ष पर रहकर करेंगी साल का अंत

एजेंसी ▸▸| रियाद

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्लूटीए फाइनल्स में इगा स्वियाटेक पर 6-3, 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस नतीजे का मतलब है कि पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियाटेक इस हफ्ते रैंकिंग में दूसरे स्थान से ऊपर नहीं जा सकेंगी और आर्यना सबालेका पहली बार साल का अंत शीर्ष स्थान से करेंगी। यह 2023 अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ की



2023 सिनसिनाटी ओपन के बाद स्वियाटेक पर पहली जीत है। दोनों के बीच करियर में 13 भिड़ंत में यह गॉफ की दूसरी जीत भी रही। विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेजसिकोवा ने जेसिका पेगुला पर 6-3, 6-3 की जीत से अपने अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखी है। इससे पेगुला का सफर टूर्नामेंट में खत्म हो गया जो पहले मैच में गॉफ से सीधे सेट में हार गई थीं।

## भारत 'ए' : राहुल की फॉर्म पर होंगी नजरें

**मेलबर्न।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में राष्ट्रीय चयन समिति की नजरें केएल राहुल की बल्लेबाजी और मौजूदा फॉर्म पर लगी होंगी।
राहुल को छोड़कर भारत ए के लाइन-अप में ऐसा कोई भी खिलाड़ी नहीं है जो एमसीजी में खेला हो जिसमें भारत को 26 दिसंबर से 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट खेलना है। टीम प्रबंधन की सलाह पर भारतीय चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट के बीच में बाहर किए गए राहुल और रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पर्थ में सीनियर टीम से जुड़ने से पहले दूसरे ए टेस्ट के लिए भेजने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में



अनुभवी स्कॉट बोलैंड भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर रिजर्व तेज गेंदबाजों में से एक बोलैंड के मैदान पर उतरने से अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मुकाबला कड़ी चुनौती होगा।


**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खोला मोर्चा, ए टीमों के मैच की घटना**

# वार्नर, कोवान ने बॉल टेंपरिंग पर मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी ▸▸| सिडनी

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द



खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है। वार्नर ने कहा, 'मेरा मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को अंतिम फैसला करना है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम इन गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आने वाली है और इसलिए यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया। लेकिन अगर अंपायरों को लगता है कि कुछ हुआ है, तो मुझे यकीन है कि इस पर आगे की कार्रवाई होगी। मुझे लगता है कि अंपायरों या मैच रेफरी को इस मामले में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।'

वार्नर के पूर्व सलामी जोड़ीदार और न्यू साउथ वेल्स के वर्तमान बोर्ड निदेशक कोवान ने कहा, 'मुझे यही लगता है कि अगर विरोधी टीम भारत नहीं होता तो प्रतिक्रिया पूरी तरह से अलग होती। अगर वह पाकिस्तान ए, या इंग्लैंड ए, या कोई ए टीम, या यहां तक कि शील्ड मैच होता, तो प्रतिक्रिया पूरी तरह से अलग होती और मेरे लिहाज से यह पूरी तरह से गलत रवैया है।'

### भारत-ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने बदला था गेंद

भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है।'

## रित्विक-केब्रल का उलटफेर शीर्ष वरीय जोड़ी को हराया



एजेंसी ▸▸| मेट्ज

भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 7-6 6-4 से हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। सुमित नागल और एन श्रीराज बालाजी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपने अपने वर्ग में पहले दौर में हार के साथ बाहर हो चुके हैं।




ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से हुई विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मुलाकात

# द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहनता प्रदान करने के उपायों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया के अन्य देशों में बढ़ती खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक गतिविधियों के बीच बुधवार को कैनबरा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के साथ द्विपक्षीय मुलाकात हुई। इसमें आपसी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहनता प्रदान करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस से मुलाकात करके बहुत प्रसन्नता हुई। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर दी गई हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। बताते चलें कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर बीते 3 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के साप्ताहिक दौरे पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से उनकी यह मुलाकात इसी के तहत हुई है। अब वह सिंगापुर जाएंगे। जहां उनका थिंक टैंक आसियान-भारत नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा उनकी सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से भी मुलाकात होगी। जिसमें मुख्य रूप से दोनों देशों की गहरी साझेदारी की समीक्षा की जाएगी।



### लिबरल पार्टी के नेता से भी मिले जयशंकर

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में उनकी लिबरल पार्टी के नेता पीटर डट्टन से भी मुलाकात हुई। इस दौरान वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए तथा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना की। इसके अलावा विदेश मंत्री की कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ भी एक मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि संसदीय समूह से बातचीत करके मुझे खुशी हुई। मैं, भारत के साथ मजबूत राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं की सराहना करता हूं।

### न्यूजीलैंड, यूएई के समकक्षों संग हुई चर्चा

कैनबरा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पीटर विंस्टन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ भी मुलाकात की। सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बताया कि न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पीटर विंस्टन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि और लोगों के आपसी संबंधों पर चर्चा की गई। साथ ही हिंद-प्रशांत और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। यूएई के उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से मिलकर खुशी हुई।

कनाडा और चीन का मामला

# संसदीय समिति के समक्ष विदेश सचिव ने नहीं दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिख आतंकवादियों की बढ़ती हिंसक गतिविधियों के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष कनाडा और चीन के मामले पर बुधवार को कोई जानकारी साझा नहीं की। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए हालांकि 6 नवंबर को एक ब्रीफिंग तय की गई थी। लेकिन विदेश सचिव के साथ मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल द्वारा की जाने वाली यह ब्रीफिंग नहीं हुई। अब इसके किसी और दिन होने की संभावना है।

वहीं, एक सांसद ने कहा कि विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की कुछ व्यस्तताओं के चलते यह बैठक नहीं हुई। जबकि कुछ अन्य जनप्रतिनिधियों का कहना था कि यह बैठक कुछ राज्यों के विधानसभा और उप चुनावों के संपन्न होने के बाद की जानी चाहिए। क्योंकि चुनावों में समिति के कुछ सांसद सदस्य चुनाव प्रचार में व्यस्त रहेंगे। जिसकी वजह से वह ब्रीफिंग में अनुपस्थित रहेंगे। चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। यहां बता दें कि विदेश सचिव ने इसके पूर्व में संसदीय समिति को इजरायल-हमास संघर्ष के बारे में अवगत कराया था।

### शशि थरूर कर रहे समिति की अध्यक्षता



विदेश मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस नेता शशि थरूर कर रहे हैं। उनके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के इसमें कुल 31 सदस्य हैं। यह पूरा मामला विदेश मंत्रालय की वर्ष 2024-25 की अनुदान मांगों से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर यह तय किया कि अगली बैठक में मामले पर समिति को जानकारी दी जाए। यह एक प्रकार से संयोग है कि यह पूरा घटनाक्रम अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के जीतने के साथ दोबारा सत्ता में काबिज होने की घोषणाओं से जुड़ा रहा। मालूम हो कि आतंकी निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भागीदारी के कनाडा के आरोप के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनाव चरम पर है। भारत ने कनाडा के इस आरोप को दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है।

### अलगाववादियों को कनाडा में राजनीतिक शरणः जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी हालिया ऑस्टेलिया यात्रा में कहा था कि कनाडा अलगाववादियों को राजनीतिक शरण दे रहा है। वहीं, 21 नवंबर को पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद से जुड़े बाकी बचे हुए दो इलाकों से तनाव खत्म होने के लिए की गई समझौते की घोषणा के बाद भारतीय सेना ने देपसांग में एक विवादित जगह पर सैन्य गश्त की है। सेनाओं की वापसी के साथ सैन्य गश्त व अन्य मसलों पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया पर मंथन किया जाएगा।

# भारत-कतर मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकवाद से लड़ने में करेंगे आपसी सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-कतर वित्तीय खुफिया इकाइयों (एफआईयू) ने नई दिल्ली में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के खतरे से लड़ने में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए बैठक की। बैठक के दौरान दोनों एफआईयू ने आईटी सिस्टम और उपकरणों के उपयोग, सार्वजनिक और निजी भागीदारी, रणनीतिक विश्लेषण और आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों पर विचार-विमर्श किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफआईयू-आईएनडी के प्रमुख विवेक अग्रवाल की उपस्थिति में चर्चा हुई।

### अपराधों पर अनौपचारिक सूचना का आदान-प्रदान होगा



*वित्तीय खुफिया इकाई-कतर (एफआईयू-कतर) के प्रमुख शेख अहमद अल थानी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) का दौरा किया। यह यात्रा दोनों एफआईयू के बीच संबंधों को मजबूत करने और मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद के वित्तपोषण के खतरे से लड़ने में एक-दूसरे की सहायता करने की उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एफआईयू-कतर और एफआईयू-आईएनडी ने मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित अपराधों पर अनौपचारिक सूचना आदान-प्रदान के जरिए से वर्षों से एक-दूसरे के साथ सहयोग किया है। दोनों एफआईयू समूह और एफएटीएफ के सदस्य हैं।*

## ट्रंप को रेत कलाकृति से दी बधाई




**पुरी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर भारत में ओडिशा के पुरी में समुद्र तट पर प्रख्यात रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने अपने अंदाज में बधाई दी। उन्होंने रेत पर अमेरिका के झंडे के आगे ट्रंप की आकृति को उकेरा और रेत से उनके नाम के नीचे अंग्रेजी में कॉन्ग्रेच्युलेशन्स लिखा।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे पर लगी लताड़

# पड़ोसी मुल्क का प्रतिनिधिमंडल झूठ और भ्रामक जानकारी फैला रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को भारत ने फिर लताड़ लगाई है। पड़ोसी मुल्क को इस बार भारत सरकार के अधिकारी ने नहीं, बल्कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सुनाया है। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर के मुद्दे को अनावश्यक रूप से उठाने पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल लगातार कश्मीर मुद्दे को उठाता है और गलत जानकारी फैलाता है, जबकि जमीनी हकीकत बहुत अलग है। उन्होंने एक्स पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र में मैंने सूचना के महत्व और इसमें भारत की भूमिका के मुद्दे पर बहस की। उन्होंने कहा कि वास्तविक लोकतांत्रिक देश अलग तरह से काम करते हैं। हाल ही में हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया।

- भारत गलत बातों के खिलाफ अभियान जारी रखेगा
- जम्मू-कश्मीर के लोगों ने मतदान किया




### गलत सूचना की कोई जगह नहीं

राजीव शुक्ला ने कहा कि गलत सूचना या गलत सूचना की कोई भी मात्रा जमीनी तथ्यों को नहीं बदलेगी। मैं इस प्रतिनिधिमंडल से अपने विभाजनकारी राजनीतिक एजेंडे के लिए इस मंच में अधिक रचनात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह करता हूं।

### फर्जी जानकारी फैलाने के लिए मंच का इस्तेमाल

यूएन में पाक के कश्मीर राग अलापने पर राजीव शुक्ला ने कहा कि एक बार फिर, पाक प्रतिनिधिमंडल ने झूठ और फर्जी जानकारी फैलाने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया है। प्रतिनिधिमंडल के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाना एक आदत बन गई है। पाकिस्तान अलग तरह से काम कर रहा है।

देश की शीर्ष अदालत से बीमा कंपनियों को लगा बड़ा झटका

# कार के ड्राइविंग लाइसेंस पर भी चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट गाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की शीर्ष अदालत ने बुधवार को एक कानूनी सवाल पर अपना फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सड़क एक्सीडेंट के लिए केवल लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस रखने वालों को आरोपी नहीं बनाया जा सकता। रोड एक्सीडेंट की और भी दूसरी वजह हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) लाइसेंस धारकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि ये लोग 7500 किलो से हल्के ट्रांसपोर्ट वाहन भी चला सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही 2017 में दिए फैसले को बरकरार रखा है। इस समय कोर्ट ने एलएमवी लाइसेंस रखने वालों को 7500 किलो से कम परिवहन वाहनों को चलाने की अनुमति प्रदान की थी। कोर्ट के इस फैसले से एलएमवी लाइसेंस रखने वालों को राहत मिली है। वहीं, बीमा कंपनियों को बड़ा झटका लगा है।

### बीमा कंपनियों ने दिया था यह तर्क



बीमा कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि सड़क पर होने वाले मोटर एक्सीडेंट को लेकर होने वाले मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) और कोर्ट की अपील और आपत्तियों को अनदेखी करते हुए कंपनियों पर बीमा के लिए किए गए दावे का भुगतान का आदेश दे रहा है। बीमा धारकों ने आगे कहा कि इंश्योरेंस को लेकर हमेशा कोर्ट बीमा धारकों के पक्ष में ही फैसला देती है। बीते 21 अगस्त को ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस मनोज मिश्रा ने इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि मोटर वाहन (एमवी) एक्ट 1988 में संशोधन का विचार-विमर्श लगभग हो चुका है। जो आगामी संसद के शीतकालीन सत्र पेश किया जा सकता है।

### हादसों की वजह हल्के वाहनों के चालक नहीं

आर वेंकटरमणी की दलीलों को सुनकर कोर्ट ने कहा था कि देवांगन केस के फैसले के आधार पर देश में लाखों ड्राइवर काम कर रहे हैं। यहां कानून के सामाजिक असर को समझा जरूरी है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक बहुत ही गंभीर मामला बन चुका है। गौर हो कि सड़क दुर्घटना की वजह से 2023 में 1.7 लाख लोगों की मौत हुई है। इन एक्सीडेंटों के बारे में कहना कि ये सब हल्के वाहनों के चालकों की वजह से हुए है तो ये पूरी तरह से निराधार है। जबकि इसके पीछे मुख्य वजह सीट बेल्ट नियमों का पालन न करना, ड्राइविंग के समय मोबाइल का प्रयोग करना, नशे के हालात में वाहन चलाना इत्यादि हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109